नई दिल्ली
सोमवार, 15 जनवरी, 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 281
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 15
न्यून. 06

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं

श्रीअन्न उगाने वाले तीन करोड़ से ज्यादा किसान लाभान्वित





पीएम मोदी ने वहां उपस्थित बच्चों को दुलार किया।

केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पीएम मोदी ने मनाया पोंगल, कहा-

# हमारी उत्सव परंपरा के केंद्र में 'अन्नदाता किसान'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में रविवार को पोंगल उत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी काले रंग का कोट, सफेद लुंगी और कंधे पर शॉल डाले हुए नजर आए।

पीएम मोदी ने यहां एक बच्ची की परफॉर्मेंस देख उसे अपना शॉल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि तमिलनाडु के हर घर से उत्सव का उत्साह देखा जा सकता ▸▸ शेष पेज 5 पर



### कई युवाओं ने श्रीअन्न पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया

पीएम मोदी ने लोहड़ी उत्सव, रविवार को मकर उत्तरायण का उत्सव, सोमवार को मनाई जाने वाली मकर संक्रांति और जल्द ही माघ बिहू की शुरुआत का भी उल्लेख किया। महान संत तिरुवल्लुवर का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार व्यापारियों और अच्छी फसल की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पोंगल के दौरान, ताजा फसल भगवान को ▸▸ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 540 करोड़ की किस्त जारी करेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मकर संक्रांति के दिन 'पीएम जन मन योजना' के अंतर्गत 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी करेंगे। इससे आदिवासियों के लिए पक्के आवास बनाए जाएंगे। पीएम आवास योजना के लिए आवास के निर्माण के लिए जारी की जाने वाली यह पहली किस्त है। इस दौरान एक लाख लाभार्थियों को संबोधित करेंगे।

### कश्मीर में एक किमी के दायरे में खुलेगा स्कूल



**जम्मू।** उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अब एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर सरकारी स्कूल नहीं खुलेंगे। उन्होंने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि नियम है कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर स्कूल नहीं होने चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए भविष्य में स्कूल खुलेंगे, यानी एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर बच्चों को नहीं जाना पड़ेगा।

### चंद्रबाबू की याचिका पर कल आएगा फैसला



**नई दिल्ली।** कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इंकार करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 16 जनवरी को फैसला सुनाएगा। नायडू को नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।

पीएम मोदी के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में साफ-सफाई अभियान शुरू

# नड्डा, योगी समेत कई सीएम और सांसदों ने लगाई झाड़ू, अधिकारी भी रहे शामिल

*अयोध्या से लेकर पूरे देश के मंदिरों में राजनेताओं और राजनयिकों ने स्वच्छता का संदेश दिया*

केंद्र के कई मंत्रीगण, राज्यों के सीएम और सांसद विधायक भी रहे शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों में साफ-सफाई अभियान शुरू हो गया। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई सीएम और सांसद भी सफाई अभियान में शामिल रहे। प्रयागराज में प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने मसूरियादीन मंदिर में साफ-सफाई की, जबकि कमिश्नर विजय विश्वास पंत और कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने श्री बड़े हनुमान मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया।

बड़ी संख्या में साधु-संतों और मंदिर के कर्मचारियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनमानस द्वारा सफाई का कार्य हो रहा है। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मंत्रियों और नेताओं द्वारा सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद जायसवाल, मोदी मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र, अंजू शुक्ला, आभा भारती, नरेंद्र ▸▸ शेष पेज 5 पर



### संत रविदास मंदिर में नड्डा ने लगाई झाड़ू

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को दिल्ली के संत रविदास मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई करके पार्टी के तीर्थ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। सफाई करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर पार्टी ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से 22 जनवरी तक हम प्रत्येक तीर्थस्थल और मंदिर के सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे।

### मंत्री धर्मेंद्र ने भी सफाई में लिया हिस्सा

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके तहत उन्होंने ओडिशा के अंगुल में स्थित मां हिंगुला मंदिर में साफ-सफाई की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। प्रधान श्री वेणीमाधव मंदिर के प्रधान पुजारी सर्वदा तिवारी ने गंगा तटों की स्वच्छता पूरे भारत में दूसरे स्थान पर आने पर अनामिका चौधरी को बधाई दी।

### सीएम योगी ने झाड़ू लगाकर शुरू किया स्वच्छता अभियान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। अयोध्या को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। वहीं यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने भी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### सीएम पटेल ने गांधीनगर में की सफाई

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले स्वच्छता अभियान के तहत गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। साफ सफाई के बाद सीएम ने गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।



भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस को 'बड़ा झटका'

## देवड़ा ने कांग्रेस से परिवार का 55 साल पुराना नाता तोड़ा, अब एकनाथ के साथ

दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट बनी इस्तीफे की वजह



एजेंसी ▸▸ मुंबई

वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। देवड़ा के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

मिलिंद के परिवार का कांग्रेस से 55 साल से भी ज्यादा का रिश्ता रहा है जो खत्म हो गया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उन्होंने एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना का दामन थाम लिया है। इस मौके पर देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। मैं शिव सेना में शामिल हो गया। मिलिंद को हाल ही में एआईसीसी का संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वे दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर दावा करने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को ये सीट न देने पर अड़े थे। मिलिंद के कांग्रेस छोड़ने का कारण भी इसे बताया जा रहा है।

*देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन*

### मिलिंद मुरली देवड़ा के बेटे हैं

*मिलिंद देवड़ा अनुभवी राजनेता मुरली देवड़ा के बेटे है। मिलिंद ने बोस्टन विश्वविद्यालय के क्वेस्ट्रॉम स्कूल ऑफ बिजनस से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन किया है। 2004 के आम चुनावों में भाजपा की जयवंतीबेन मेहता को दस हजार से ज्यादा वोटों से हराने के बाद मिलिंद देवड़ा मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट से संसद सदस्य बने थे। 2011 में मिलिंद देवड़ा का कद और बढ़ गया और उन्हें केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बनाया गया। इसके अलावा अक्टूबर 2012 में उन्होंने जहाजरानी राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली।*

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश

### हिट एंड रन केस के पीड़ितों का बढ़ाया जा सकता है 'मुआवजा'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले ▸▸ शेष पेज 5 पर

टी20 सीरीज में 15 बार अजेय

### भारत ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ इंदौर



भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैच की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला टीम इंडिया ने छह विकेट से जीत लिया। यह मैच जीतने के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज भी अपने नाम कर ली। भारत ने घरेलू जमीन पर लगातार छठी टी20 सीरीज जीती है। इसके साथ ही घर में लगातार 15वीं सीरीज में भारत के अजेय रहने का रिकॉर्ड कायम है। अपने घर में भारत आखिरी सीरीज फरवरी 2019 में हारा था। इसके बाद खेली गई ▸▸ शेष पेज 5 पर

प्रतिबंधित चाइनीज मांजे से

### गुजरात और मध्य प्रदेश में एक-एक बच्चे की मौत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मकर संक्राति के पर्व पर प्रतिबंधित चाइनीज मांजे से गुजरात और मध्य प्रदेश में एक-एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं तेलंगाना के मेडचल मल्काजगिरी में पतंग उड़ाते समय घर की छत से गिरने से 20 साल के आकाश की मौत हो गई हैं। गुजरात के महीसागर जिले के बोराडी गांव में दोपहर में पतंग की डोर से गला कटने से 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। कोठम्बा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि बच्चा अपने पिता ▸▸ शेष पेज 5 पर

*मणिपुर में कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने किया ध्वजारोहण, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत*

## राहुल करीब 70 नेताओं के साथ पैदल और बस में करेंगे 'सफर'

मणिपुर के थौबा से शुरु हुई यात्रा, कुल 67 दिन, 110 जिले व 6700 किमी की यात्रा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार से शुरू हो गई। यात्रा के लिए राहुल गांधी दिल्ली से मणिपुर पहुंचे। राजधानी इंफाल से यात्रा की शुरुआत से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ध्वजारोहण किया। व्यापक जनसंपर्क के मकसद से शुरू हुई इस यात्रा में राहुल गांधी के अलावा कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शरीक हो रहे हैं।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की शुरुआत से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबा में खोंगजोम युद्ध ▸▸ शेष पेज 5 पर



### भाजपा का तंज- कांग्रेस बताए उसके कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर-पूर्व का दौरा किया?

भाजपा नेता नलिन कोहली ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए कहा बीते 60 सालों को अगर पीएम मोदी के 9-10 साल से तुलना करें तो कांग्रेस के कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर पूर्व का दौरा किया? पीएम मोदी बीते नौ साल में 60 बार वहां जा चुके हैं। मोदी सरकार के मंत्री 400 ▸▸ शेष पेज 5 पर

सुरक्षा के लिए 14,000 पुलिसकर्मी तैनात

## मकर संक्रांति पर गंगा सागर में 65 लाख तीर्थयात्रियों ने लगाई डुबकी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



देश भर में मकर संक्रांति इस बार दो दिन मनाया जा रहा है। हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। हालांकि, इस बार 15 जनवरी को भी मनाया जाएगा। इस बीच, मकर संक्रांति पर पंश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने कहा बताया कि रविवार दोपहर तक 65 लाख तीर्थयात्रियों ने गंगा सागर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। उन्होंने कहा कि सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगासागर संख्या बढ़ने की संभावना है।

### *45 निगरानी टावर बनाए गए*

*उन्होंने कहा कि 14,000 पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ 45 निगरानी टावर बनाए गए हैं और 1,100 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को नौकाओं आदि के जरिए सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 'फॉग लाइट' लगाई गई हैं। वरिष्ठ मंत्री ने कुंभ मेले की तरह गंगा सागर मेले को भी राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की राज्य सरकार की मांग दोहराई। मंत्री ने कहा, अकेले राज्य सरकार के लिए वार्षिक मेले के आयोजन का भारी खर्च वहन करना बहुत मुश्किल है। बेहतर संचार के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने की वजह से इस वर्ष मेले के दौरान 265 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का अनुमान है।*

यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट

## राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, बंगाली रसगुल्ला, मद्रासी डोसा, राम भक्तों को परोसे जाएंगे ये स्वादिष्ट व्यंजन

करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर है। करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। अयोध्या में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और ओपन फूड कोर्ट से 50 स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। श्रद्धालुओं को अयोध्या में लिट्टी चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा, इडली, बंगाली रसगुल्ला जैसी चीजे परोसी जाएंगी। इसके अलावा यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे अलग-अलग राज्यों के लिए ▸▸ शेष पेज 5 पर




### अब तक कहां से क्या आया?

*1. यूपी के एटा से अष्टधातु का घंटा*
*2100 किलो वजन के इस घंटे के निर्माण में करीब 25 लाख रुपए की लागत आई है।*

*2. महाकाल से 5 लाख लड्डू*
*महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी और सूखे मेवे के पांच लाख लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसका वजन करीब 250 क्विंटल बताया जा रहा है। 16 जनवरी को तीन ट्रकों से लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।*

*3. छत्तीसगढ़ से चावल*
*30 दिसंबर 2023 को 11 ट्रकों से तीन हजार क्विंटल चावल भेजा गया था। 22 जनवरी के दिन इस चावल का इस्तेमाल भगवान श्रीराम के महाभंडारे में होगा।*

*4. राजस्थान से सरसों तेल*
*जयपुर से सरसों के तेल के 2100 पीपे अयोध्या भेजे गए हैं। सीता रसोई में बनने वाला प्रसाद जयपुर के चांदपोल स्थित गंगा माता मंदिर से भेजे गए तेल-घी से बनेगा।*

*5. गुजरात से धूपबत्ती व साड़ी*
*गुजरात के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### 19 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के जामा मस्जिद थाना इलाके के मीना बाजार में रविवार तड़के एक 19 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गाजियाबाद निवासी अरमान के रूप में हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवा पुलिस जांच में जुटी है। मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार घटना की जानकारी सुबह करीब 5.20 बजे अस्पताल से जामा मस्जिद पुलिस स्टेशन को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि डॉक्टर युवक को मृत घोषित कर चुके थे। पुलिस का कहना है कि अरमान और उसके पिता मीना बाजार इलाके में रेहड़ी-पटरी का काम करते थे। शुरुआती तफ्तीश में पता चला है कि अरमान और तीन अन्य लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद था, जिसके चलते उस पर कई बार चाकू से वार किये गये। पुलिस आसपास के इलाके में पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### डीयू के कुलपति को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सिंह को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने दिया। अपने आवास पर निमंत्रण स्वीकार करते हुए कुलपति ने कहा कि यह देश के लिए गर्व और सम्मान की बात है कि रामलला की 'प्राण प्रतिष्ठा' अयोध्या में उनके मंदिर में हो रही है। सिंह ने कहा कि 22 जनवरी, 2024 का दिन भारत के इतिहास में दर्ज हो जायेगा जब दुनिया भारत की पहचान, भारत का संकल्प और भारत का गौरव देखेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर भारत की पहचान और उसके गौरव का प्रतीक है। बयान के मुताबिक, कुलपति ने कहा कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देने के लिए आए थे। सिंह ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि उन्होंने मुझे यहां यह निमंत्रण दिया। इसके लिए मैं उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय इस अभियान से हर संभव तरीके से जुड़ा है और यह बड़े सम्मान की बात है।

### एनआरआई महिला से फाइव स्टार होटल में रेप

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला से चाणक्यपुरी इलाके के एक फाइव स्टार होटल में रेप का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने रेप का आरोप उसी कंपनी के सीआईओ पर लगाया है जिसमें वह कार्यरत है। फिलहाल पुलिस आरोपों के मद्देनजर केस की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक 42 साल की पीड़ित महिला का आरोप है कि पिछले साल 14 सितंबर को आरोपी ने होटल में उसका रेप किया था। पीड़िता एक कंपनी में सहायक महा प्रबंधक के तौर पर काम कर रही थी, जहां पर आरोपी सीईओ भी कार्यरत था। आरोपी पीड़िता के चाचा को जानता है। उन्हीं के माध्यम से उसे प्राइवेट कंपनी में नौकरी मिली थी। बहरहाल पुलिस ने चाणक्यपुरी थाने में रेप का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चूंकि आरोप कई महीने बाद लगाया गया है, इसलिए पुलिस हर पहलू को ध्यान में रख जांच को आगे बढ़ा रही है।

### 'मेयर ने जनता की राय पर एमसीडी का बजट बनाने पर किया गुमराह'

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि मेयर शैली ओबेरॉय ने जनता की राय लेकर एमसीडी का बजट बनाने के मामले में गुमराह किया है। पंचायत संघ के पदाधिकारी और अन्य ग्रामीण एमसीडी के बजट के संबंध में सुझाव देने के लिए कई दिन से मेयर के कार्यालय में संपर्क साध रहे हैं, मगर मेयर मिलने का समय नहीं दे रही है। उन्होंने इसके विरोध में सिविक सेंटर पर प्रदर्शन करने और अपने सुझाव उसकी दीवार पर चस्पा करने का ऐलान किया।

## अलीपुर और इंद्रपुरी इलाके में जानलेवा बनी अंगीठी

# अंगीठी के धुएं से दम घुटने की दो घटनाओं में छह लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ठंड से बचने के लिए घर में अंगीठी जलाने से अलीपुर और इंद्रपुरी इलाके में छह लोगों की जान चली गई। एक घटना में दंपति और उनके दो बच्चों की मौत हुई, वहीं दूसरी में एक बुजुर्ग समेत दो लोगों की जान चली गयी। दोनों ही मामले में पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पहला मामला, बाहरी उत्तरी जिले के अलीपुर में सामने आया।

रविवार सुबह करीब सात बजे स्थानीय थाने को पीसीआर कॉल के जरिए बताया गया कि खेड़ा कलां इलाके में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा, जहां कमरा अंदर से बंद था। खिड़की का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला गया। कमरे में दो बच्चों समेत चार लोग अचेत मिले। कमरे में अंगीठी जलाई गई थी। पुलिस ने सभी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीम ने जाकर जांच की। शुरुआती जांच में पुलिस चारों की मौत का कारण दम घुटना मान रही है। मृतकों की पहचान राकेश उर्फ दीनानाथ (40), ललिता (38), पीयूष (8) व सनी (7) के तौर के हुई। राकेश मूलरुप से मुंगेर बिहार का रहने वाला था। यहां टैंकर चालक के तौर पर काम कर परिवार का भरण पोषण करता था।

### नेपाली मूल के दो लोगों की मौत

दूसरा मामला, इंद्रपुरी में सामने आया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे पीसीआर कॉल के जरिये पुलिस को बताया गया कि एक कमरे में रहने वाले दो लोग दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। उन्होंने रात में अंगीठी जलायी थी, हो सकता है वे बेहोश हो गए हो। पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मकान मालिक संजय शर्मा ने बताया कि उनके दो नौकर घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में रहते हैं। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला, तो दोनों लोग मृत हालत में मिले। कमरे में एक अंगीठी और कुछ जली हुई चीजें भी मिली। कमरे में मौजूद एक खिड़ी अंदर से बंद थी। दोनों ही शवों पर चोट के कोई निशान नहीं थे। मृतकों के नाम राम बहादुर उर्फ सोम बहादुर (57) व अभिषेक (22) हैं। दोनों मूलरूप से नेपाल के रहने वाले थे। राम बहादुर पिछले 12 साल से संजय शर्मा के यहां ड्राइवर था, जबकि अभिषेक एक महीने से काम कर रहा था। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भेज दिए है।

### बवाना औद्योगिक क्षेत्र में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) को रात 10.15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कुल 29 दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। तीन घंटे से अधिक वक्त बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका।

# काला जठेड़ी गैंग का बदमाश शूटआउट के बाद गिरफ्तार

## छह पिस्टल और 17 कारतूस बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने शूटआउट के बाद गैंगस्टर काला जठेड़ी राजा बसौदी व अनिल छिप्पी गैंग के एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह पिस्टल, 17 कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। बदमाश का नाम विक्की उर्फ कारतूस (29) बताया गया है। वह रोहतक, हरियाणा का रहने वाला है। पांच मामलों में इसकी संलिप्तता बताई जाती है। आरोपी एमडीयू से ग्रेजुएट है। पुलिस के अनुसार एसीपी नरेश सोलंकी की टीम को इस बदमाश के बारे में इनपूट मिला था। पता चला था कि कारतूस छावला नाले की पटरी के रास्ते द्वारका जाएगा। पुलिस ने पिकेट लगा चैकिंग शुरु कर दी। देर रात करीब पौने तीन बजे एक बाइक चालक को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया। इसी बीच उसकी बाइक फिसल गई। खुद को फंसता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर चार राउंड फायर झोंक दिये। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में छह राउंड गोलियां दागी। इस शूटआउट में आरोपी दाहिने पैर में दो गोली लगने से घायल हो गया। कारतूस को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कारतूस 2018 में सोनीपत के मर्डर केस में जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद वह फाइनेंसर बन गया। 2022 में वह अनिल छिप्पी-काला जठेड़ी व बसौदी गैंग के संपर्क में आया और उनके लिए काम करने लगा।

# झुग्गीवासियों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं सीएम केजरीवाल : आप

## कैबिनेट मंत्री आतिशी ने जेजे क्लस्टर बीआर कैंप और सौरभ भारद्वाज ने सफदरजंग फ्लाइंग कैंप क्लब में जाकर लोगों से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को नई दिल्ली विधानसभा से 'घर बचाओ-भाजपा हटाओ' अभियान की शुरूआत की और झुग्गियों में रह रहे गरीब लोगों को भरोसा दिया कि सीएम अरविंद केजरीवाल पूरी मजबूती से उनके साथ खड़े हैं। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने जेजे क्लस्टर बीआर कैंप और सौरभ भारद्वाज ने सफदरजंग फ्लाइंग कैंप क्लब में जाकर लोगों से मुलाकात की और भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा झुग्गियां तोड़कर बेघर करने की हो रही साजिश से उन्हें अवगत कराया।

'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि मैं सभी को वादा करके जा रही हूं कि जबतक दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार है, हम आपकी झुग्गियों को नहीं टूटने देंगे। चाहे हमें बुलडोज़र के सामने खड़ा होना पड़े, चाहे सड़क पर जाकर आंदोलन करना पड़े, कोर्ट जाकर ऑर्डर लाना पड़े, चाहे इस मुद्दे को संसद में उठाना पड़े। हम सड़क से संसद तक इस झुग्गियों को बचाने के लिए लड़ेंगे, ये केजरीवाल जी का वादा है। उन्होंने कहा कि क़ानून है कि जहां झुग्गी वहीं मकान देना होगा। तो जबतक बीआर कैम्प के झुग्गीवासियों को मकान नहीं मिलेगा, हम किसी को इस झुग्गी को छूने नहीं देंगे। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के हर झुग्गी वाले के साथ खड़े हैं, जबसे वो दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हमने दिल्ली में एक भी झुग्गी नहीं तोड़ी है। लेकिन भाजपा को झुग्गी देखकर शर्म आती है। इसलिए जब कोई विदेशों से आता है तो झुग्गियों को हरे कपड़े से ढकवा दिया जाता है, इसलिए अब वो झुग्गियों को तोड़ लोगों को सड़क पर लाना चाहते है या उन्हें दूर भेजना चाहते है, ताकि उन्हें झुग्गियां न दिखें। लेकिन अरविंद केजरीवाल दिल्ली के हर ग़रीब और आम आदमी के साथ खड़े हैं और उनके हक़ की लड़ाई लड़ते आए है।

### चुनाव खत्म होते ही भाजपा अपना वादा भूल जाती : आतिशी

बीआर कैंप में लोगों से मुलाकात कर 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि चुनावों से पहले, भाजपा हमेशा लोगों को उनके मौजूदा घरों के स्थान पर नया घर देने का वादा करती है, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हो जाते हैं, सभी वादे धरे के धरे रह जाते हैं। दिल्ली भर में विभिन्न स्थानों पर झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है। लेकिन हम बीजेपी को दिल्ली की झुग्गियों में किसी का भी घर नहीं तोड़ने देंगे और इसके लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम लोगों के साथ मिलकर उनके घरों को बचाने के लिए बुलडोजर के सामने खड़े होंगे।

### कोर्ट के आदेशों के खिलाफ तोड़ी जा रही हैं: झुग्गियां भारद्वाज

सफदरजंग फ्लाइंग कैंप की झुग्गियों में रह रहे लोगों से मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि देश के कानून और कोर्ट के आदेशों और मानवीयता के खिलाफ भाजपा की डीडीए, रेलवे, एएसआई, दिल्ली पुलिस बार-बार ध्वस्तीकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीने से देखा जा रहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार की आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, रेलवे, डीडीए, एलएनडीओ एजेंसियों की जमीन पर जहां भी जेजे क्लस्टर्स हैं, उनको हटाने की साजिश की जा रही है। हालांकि देश और दिल्ली के कानून में यह बात पूरी तरह साफ है।

दिल्ली में जो भी पुराने जेजे क्लस्टर्स हैं, वो दिल्ली सरकार में सूचीबद्ध हैं और यह सूची कोर्ट के पास भी है। यह जेजे क्लस्टर्स इतने पुराने हैं कि कानूनी तौर पर उनको उजाड़ा नहीं जा सकता है। जेजे क्लस्टर्स को उजाड़ने से पहले उनमें रहने वाले लोगों को वहीं पर इन-सीटू मकान देने पड़ेंगे। जब लोग मकान में शिफ्ट हो जाएंगे, उसके बाद ही झुग्गियों को तोड़ा जा सकता है। वहीं मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारद्वाज ने कहा कि झुग्गियों में रह रहे लोगों के घरों पर भगवान राम का तो स्टीकर लगा रखा है, लेकिन जब 16 दिसंबर को रेलवे और पुलिस झुग्गियां तोड़ने आई तो भाजपा का कार्यकर्ता भाग गया।

### गोकुलपुरी में डीडीए ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने रविवार को पूर्वी गोकलपुरी में सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण हटाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तर पूर्व दिल्ली के हरनाम पैलेस, अमर कॉलोनी और पूर्वी गोकलपुरी में रविवार सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अधिकारी ने कहा कि उत्तर पूर्व जिला इन क्षेत्रों को अवैध कब्जे के साथ ही अपराध एवं अपराधियों से मुक्त कराने के लिए कटिबद्ध है।

### गरीबों को घर देने के लिए केजरीवाल सरकार ने क्या किया है,जवाब दें मुख्यमंत्री : बांसुरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि पिछले नौ सालों में केजरीवाल सरकार ने गरीबों को घर देने के लिए क्या किया है, इसका जवाब मुख्यमंत्री को अरविंद केजरीवाल को देना होगा। बांसुरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसी भी विकास कार्य पर ध्यान नहीं देती लेकिन लोगों को गुमराह करने में माहिर है। आज कल एक और झूठा और लोगों को गुमराह करने वाला कैंपेन चलाकर आम आदमी पार्टी ने फिर से बता दिया कि वह सिर्फ बातों के धनी है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली में अगर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री आवास योजना लागू होने देते तो शायद आज किसी गरीब को झुग्गी में रहने की जरुरत नहीं होती। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर भारत विकास संकल्प यात्रा का जिस तरह गरीबों से स्वागत मिल रहा है उससे आम आदमी पार्टी हताश और परेशान हो गई है क्योंकि केन्द्र सरकार की योजनाएं आज घर चलकर गरीबों तक पहुंच रही है।

### आम आदमी पार्टी झुग्गीवालों के लिए बहा रही है घड़ियाली आंसू: बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार राजधानी के झुग्गीवासियों पर अन्यायपूर्ण व्यवहार कर रही है। दिल्ली में झुग्गीवालों के लिए 55 हजार से ज्यादा फ्लेट बनकर तैयार खड़े हैं लेकिन दिल्ली सरकार उन फ्लेटों को अलॉट नहीं कर सकी। ये फ्लेट आम आदमी पार्टी सरकार के सत्ता में आने से पहले बनकर तैयार खड़े हैं और अब जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता इन दिनों झुग्गीवालों के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। दिल्ली में अगर कहीं भी झुग्गीवासियों को हटाया जाता है तो उनके पुनर्वास के लिए दिल्ली में फ्लेट बनकर तैयार खड़े हैं। केंद्र सरकार ने इन फ्लेटों के लिए न केवल जमीन दी थी बल्कि इनके निर्माण के लिए 50 प्रतिशत खर्चा भी दिया था। दिल्ली सरकार इन झुग्गीवालों को बसाने के लिए बिलकुल भी गंभीर नहीं है। अगर वह गंभीर होती तो किसी भी एजेंसी द्वारा उजाड़ें गए झुग्गीवालों को इन फ्लेटों में बसाया जा सकता था। सच्चाई यह है कि ये बापरोला, घोघा और बवाना में ये फ्लेट 2015 से पहले ही बना दिए गए थे। आम आदमी पार्टी ने झुग्गीवालों को मकान देने की बात अपने चुनाव घोषणा पत्र में की थी लेकिन नए फ्लैट बनाना तो दूर, ये सरकार पुराने फ्लैट भी अलॉट नहीं कर पाई जिससे वे जर्जर हालत में पहुंच चुके हैं।

### 'आप' खुद के राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए चला रही है झुग्गी बचाने का अभियान : सचदेवा




**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के झुग्गी बचाने के अभियान को खुद के राजनीतिक वजूद को बचाने का अभियान बताया। सचदेवा ने रविवार को कहा है कि भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ ही विकास भी ना करने के आरोपों में घिरी आम आदमी पार्टी आज अपने राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए एक तरफ कांग्रेस के सामने गिड़गिड़ा रही है तो दूसरी तरफ झुग्गीवालों और दिल्ली की गरीब जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली का हर गरीब सवाल पूछ रहा है कि आखिर वे मकान क्यों नहीं आवंटित किए गए। अरविंद केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को इसका जवाब देना पड़ेगा। सचदेवा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा दिल्ली के कठपुतली कॉलोनी, कालकाजी एवं जेलरवाला बाग पर हजारों मकान गरीबों के लिये बनाये हैं लेकिन केजरीवाल बताये कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कितने गरीबों को मकान दिया। मोदी सरकार दिल्ली में 72 लाख लोगों लगातार फ्री राशन उपलब्ध करा रही है, लगभग 2 लाख फ्री उज्जवला कनेक्शन उपलब्ध कराये हैं, लाखों गरीबों को सुनिधि सुरोजगार ऋण उपलब्ध कराए हैं इसके ठीक विपरीत केजरीवाल ने वादे के बावजूद किराये के मकानों में रहने वाले असल गरीबों तक ना तो प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचने दिया और ना ही उन्हे फ्री बिजली पानी का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के अंदर अगर प्रधानमंत्री आवास योजना लागू होती तो दिल्ली के गरीबों को उनका अपना मकान मिल जाता, लेकिन राजनीतिक द्वेष में अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार की योजना को दिल्ली में लागू न करके दिल्ली के गरीबों को विकास एवं लाभ से वंचित कर दिया है।

## करीब 15 लोगों को बना चुका शिकार

# मॉडलिंग के नाम युवाओं को ठगने वाला धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




कीर्ति नगर पुलिस ने फर्जी प्रोडक्शन एजेंसी खोल महत्वकांक्षी मॉडलों को ठगने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम गौरव खन्ना (43) बताया गया है। वह मालवीय नगर का रहने वाला है। वह इवेंट और फोटो शूट में काम दिलाने के बहाने मॉडलों को लुभाता था। अभी तक इसका शिकार करीब 15 लोग बन चुके थे। आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन जब्त किए गये हैं। यह मॉडलों को झांसे में लेने के लिए इंस्टाग्राम पर विज्ञापन भी देता था।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार एक युवती ने कीर्ति नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया कि वह इंस्टाग्राम के माध्यम से गौरव खन्ना के संपर्क में आई थी। उसने खुद को प्रोडक्शन हाउस एएनजी प्रोडक्शंस का कास्टिंग डायरेक्टर बताया। गौरव खन्ना ने उसे एक पोर्ट फोलियो ऑफर किया और 20 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए राजी किया। इसके बाद गौरव खन्ना ने उसे एक ब्रांडेड कंपनी के लहंगा और आभूषण शूट की पेशकश की और उसे 75 हजार रुपये का भुगतान करने को कहा। इस पर पीड़िता ने यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए 10 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। जब पीड़िता ने उक्त ब्रांडेड कंपनी से फोटोशूट के संबंध में पूछताछ की तो पता चला कि कंपनी न तो एएनजी प्रोडक्शंस के साथ काम करती है और न ही उन्होंने दिल्ली में किसी शूट की योजना बनाई है। इसके बाद वह एजेंसी के ऑफिस में गई तो आरोपी वहां से परिसर पहले ही खाली कर चुका था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी को मालवीय नगर इलाके से अरेस्ट कर लिया। इसके पास से 15 महत्वाकांक्षी मॉडलों की प्रोफाइल शीट और अन्य विवरण बरामद किए गए है। आरोपी गौरव खन्ना ने खुलासा किया कि उसने इग्नू से बीसीए की है। उसने तीन साल तक एक प्रोडक्शन हाउस में काम किया, जहां उसकी सैलरी बहुत कम थी। जल्द अमीर बनने की चाहत में उसने एएनजी प्रोडेक्शन के नाम से एक प्रोडक्शन एजेंसी खोली। उसने एंजेसी की जानकारी और अपना नंबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाला था।

# दिल्ली के निर्माण और विकास में पूर्वांचल वासियों का रहा है अहम योगदान: आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के निर्माण और विकास में पूर्वांचल वासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। यह बात रविवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित मकर संक्राति पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि अब पूर्वांचल के लोग एक प्रकोष्ठ से आगे बढ़ते हुए शक्ति बन चुके हैं।

आम आदमी पार्टी उनके योगदान का सम्मान करती है और इसलिए पार्टी में पूर्वांचल शक्ति पीठ बनाई गई। उन्हीं के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। मेरी ओर से पूर्वांचल वासियों को मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने कहा कि आज अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा पूर्वांचल वासियों के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। हाल ही में छठ पूजा का बड़े स्तर पर आयोजन किया गया था। अब मकर संक्रांति पर्व पर दही-चूड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कामकाज से लदी जिंदगी में ऐसे ही कार्यक्रमों के बहाने लोग इकट्ठे होकर आपस में मिलते हैं, एक-दूसरे को गले लगाते हैं और आनंद का अनुभव करते हैं। आप हमेशा दूसरों को खुशियां देने और उसका हिस्सा बनने में विश्वास रखती है। बता दें कि रविवार को आप के पूर्वांचल शक्ति पीठ ने पार्टी मुख्यालय पर मकर संक्रांति पर्व मनाया। इस दौरान गोपाल राय और संदीप पाठक ने पूर्वांचल शक्ति के सभी साथियों को संबोधित कर दही-चूड़ा कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में पूर्वांचल शक्ति के अध्यक्ष अखिलेश पति त्रिपाठी और पूर्वांचल शक्ति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुराड़ी के विधायक संजीव झा, द्वारका के विधायक विनय मिश्रा, त्रिनगर की विधायक जितेंद्र तोमर, पूर्व विधायक नितिन त्यागी, करोल बाग के विधायक विशेष रवि, पालम की विधायक भावना गौड़, कृष्णा नगर के विधायक एस.के. बग्गा और तिमारपुर के विधायक दिलीप पांडेय उपस्थित रहे।

### घने कोहरे के कारण कई जगह विजिबिलिटी जीरो दर्ज

# राजधानी में कड़ाके की ठंड तापमान 3.5 डिग्री दर्ज





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों को वीकेंड रविवार पर भी घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में सुबह पांच बजे दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की। हालात यह रहे कि सघन कोहरे के कारण सड़क से लेकर रेल व हवाई मार्ग तक बुरी तरह प्रभावित हुए। कड़ाके की ठंड के चलते न्यूनतम तापमान गिरकर 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस सर्दी का सबसे कम और औसत से 4 डिग्री सेल्सियस कम तापमान है। रविवार को अवकाश के चलते लोग बाहर घूमने फिरने की बजाए घरों में ही दुबके रहे। लेकिन जैसे दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आसमान से सूरज निकला व गुनगुनी धूप ने स्वागत किया लोगों ने घरों से बाहर निकल कर खूब धूप सेकी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग केंद्र दिल्ली के अनुसार दिल्ली का अधिकतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो औसत से एक डिग्री ज्यादा है। आईएमडी ने राजधानी दिल्ली में अगले दो दिन तक बहुत घने कोहरे और शीत लहर की स्थिति की संभावना जताई है। आईएमडी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में 20 जनवरी तक घना कोहरा देखने को मिल सकता है। वहीं भारतीय रेलवे के अनुसार रविवार को राजधानी और कई अन्य राज्यों में घने कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 22 ट्रेन एक से छह घंटे की देरी से चलीं। जबकि प्राप्त खबरों के अनुसार खराब मौसम के कारण रविवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर नौ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। इन उड़ानों में एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शामिल है और इन्हें सुबह चार बजकर 30 मिनट से साढ़े दस बजे के बीच जयपुर भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण जिस अंतरराष्ट्रीय उड़ान को शुरू में मुंबई की ओर मोड़ दिया गया था, उसे बाद में जयपुर भेजा गया।



### फिर हुई दिल्ली की हवा जहरीली, एक्यूआई पहुंचा 400 पार , ग्रेप तीन लागू हुआ

दिल्ली-एनसीआर की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है, जिसके चलते केंद्र सरकार ने राजधानी में ग्रेप तीन लागू कर दिया है। जिसके तहत गैर जरूरी निर्माण सहित बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के सड़कों पर दौड़ने पर ब्रेक लगा दिया है। पर्यावरण विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 458 पहुंच गया जो गंभीर श्रेणी में माना जाता है। पर्यावरण जानकार सुनील खोगले का कहना है कि अभी दिल्ली की हवा में सुधार होना बहुत मुश्किल दिखाई दे रहा है। क्योंकि राजधानी में अभी तक सर्दियों की बारिश न के बराबर हुई है। गत कई दिनो से मौसम विज्ञान विभाग रह रहकर हल्की बारिश की भविष्यवाणी करता आ रहा है, लेकिन आज भी बरसात का कहीं नामोनिशान नहीं देखा गया। जबकि पहाड़ों में हो रही भारी बर्फबारी व वेर्स्टन डिस्टरबेंस के चलते दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कोहरे की चादर दिल्ली को पूरी से ढकने की कोशिश कर रहा है, हवाई से लेकर रेल व सड़क मार्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। हवा की गति रह रहकर बंद हो रही है, जिससे वायु में मिले प्रदूषण के कण वायु में नीचे रहते है और प्रदूषण को बढ़ाते है। बता दें कि बता दें कि एक्यूआई 0-50 अच्छा , 50-100 संतोषजनक ,101-200 मध्यम, 201- 300 खराब , 301-400 बहुत खराब, 401-500 गंभीर और 501 से ऊपर एक्यूआई अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

### ठंड के कारण दिल्ली के स्कूलों में कक्षाएं सुबह नौ बजे से शुरू होंगी

ठंड के मौसम के मद्देनजर दिल्ली के स्कूल सुबह नौ बजे से कक्षाएं शुरू करेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय (डीओई) के रविवार के एक सकुर्लर में यह सूचना दी। डीओई ने स्कूलों को शाम पांच बजे के बाद कक्षाएं आयोजित नहीं करने का निर्देश दिया है। दिल्ली रविवार को भी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही, क्योंकि न्यूनतम तापमान गिरकर 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया-जो इस सर्दी का सबसे कम तापमान है। शहर के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। सकुर्लर में कहा गया कि यह निर्देश दिया जाता है कि सरकारी और निजी स्कूलों के सभी छात्र 15 जनवरी (सोमवार) से प्रत्यक्ष रूप से आयोजित कक्षाओं में शामिल होंगे। इसमें नर्सरी, केजी और प्राथमिक कक्षाएं भी शामिल हैं। सकुर्लर में कहा गया है कि हालांकि, कोहरे की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर एहतियात बरतते हुए कोई भी स्कूल (डबल-शिफ्ट स्कूलों सहित) सुबह नौ बजे से पहले शुरू नहीं होगा और अगले निर्देश तक शाम पांच बजे के बाद कक्षाएं नहीं आयोजित होंगी। सकुर्लर में कहा गया है कि सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी हमेशा की तरह ड्यूटी पर आएंगे। इसमें कहा गया कि स्कूल प्रमुखों को सभी छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों को रविवार को संशोधित कार्यक्रम के बारे में सूचित करना होगा। रविवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान मौसम के औसत से चार डिग्री कम दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में अगले दो दिन तक घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कहा कि शहर में 20 जनवरी तक घना कोहरा छाया रह सकता है। इससे पहले, शीत लहर की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए शहर के स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां छह जनवरी से 12 जनवरी तक बढ़ा दी गई थीं।



### सरकार को छात्रों की चिंता नहीं: खत्री

दिल्ली में पारा लगातार गिर रहा है, जहां राजधानी दिल्ली के आसपास के राज्यों ने भारी ठंड को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियों को बढ़ा दिया है वहीं दिल्ली के शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने सभी स्कूलों को कल से खोलने के आदेश दे दिए हैं। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री से बताया की सरकार को छात्रों और शिक्षकों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है। जहां दिल्ली के सभी क्षेत्रों में दिन में भी तापमान 6 से 8 डिग्री तक बना हुआ है वहीं रात में यह 3 से 4 डिग्री तक पहुंच रहा है। इस भारी शीतलहर के चलते छात्रों के स्वास्थ्य को देखते हुए शीतकालीन अवकाश को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।



## जो बाबा साहब का सम्मान करेगा वही देश पर राज करेगा : मेघवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अब भारत पर वही राज करेगा को बाबा साहब का सच्चा सम्मान करेगा। यह बात रविवार को सेंट्रल फॉर सोशल डेवलपमेंट द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की शोधग्रन्थ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ' द प्रॉब्लम ऑफ़ रुपया, इट्स ओरिजन एन्ड इट्स सोल्युशन' के आयोजन के अवसर पर कही। संगोष्ठी में मुख्य वक़्ता केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल, अतिथि वक्ता प्रो. सुरेंदर कुमार विभागाध्यक्ष, दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स, सहवक्ता डॉ. राजकुमार फुलवरिया चेयरमैन, सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट ने दीप प्रज्वलित कर विषय पर अपने विचार रखे। तीन सत्रों में विभाजित कार्यक्रम में प्रथम सत्र 'उद्घाटन सत्र' में मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम बाबा साहब को महामानव के रूप में समझे वह एक महान अर्थशास्त्री, विभिन्न भाषाओं के ज्ञाता व वकील थे, अब भारत पर वही राज करेगा को बाबा साहेब का सच्चा सम्मान करेगा।

## सांसद तिवारी ने वाल्मीकि मंदिर में स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को वजीराबाद गांव के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में स्वच्छता के लिए श्रमदान कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर तिवारी ने कहा सैकड़ों वर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम भव्य निर्मित मंदिर में विराजेंगे पूरे देश का जनमानस खुशी और उत्साह से झूम रहा है 100 करोड़ हिंदुओं के लिए और करोड़ों विश्व व्यापी हिंदुओं के लिए यह गर्व की बात है प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



ने देशभर में स्वच्छता के लिए मंदिरों में श्रमदान का आह्वान किया उसी के तहत हम आज बाल्मिक समाज के बीच मंदिर में स्वच्छता श्रमदान कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। वहीं भाजपा युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष सागर त्यागी ने भी अपने क्षेत्र बुराड़ी के मंदिरों में साफ-सफाई की।





### बदरपुर के मंदिरों में बिधूड़ी ने की सफाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को बदरपुर क्षेत्र के मंदिरों में सफाई की और पूजा-अर्चना की। 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सिलसिले में होने वाले समारोहों के लिए भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के मंदिरों में सफाई अभियान चला रहे हैं। बिधूड़ी ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के जैतपुर पार्ट-2 के श्री राधाकृष्ण मंदिर, राम दरबार और हनुमान मंदिर में जाकर झाड़ू-पोंचा लगाया और सफाई में हिस्सा लिया। बिधूड़ी बताया कि क्षेत्र के अन्य मंदिरों में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। 22 जनवरी से पूर्व सभी मंदिरों में इसी तरह सफाई की जाएगी और इन ऐतिहासिक क्षणों को अविस्मरणीय बनाया जाएगा।

### पीएम मोदी के आह्वान पर मंदिरों में चलाया सफाई अभियान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने का अनुसरण करते हुए भाजपा नेताओं ने मंदिरों में सफाई अभियान चलाया। इसी कड़ी में रविवार को ब्रह्मपुरी स्थित गौरा शिव मंदिर में भाजपा गौतमपुरी मंडल अध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने अपने साथियों के साथ पूरे मन्दिर परिसर की साफ सफाई की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ब्रजमोहन पचौरी, मुकेश शुक्ला, देवेंद्र चौधरी, राकेश पांडेय, राहुल, गौतम, रामवती पचौरी, सोनू पचौरी आदि मौजूद थे।सफाई अभियान को लेकर मंदिर के पुजारी ब्रजमोहन पचौरी ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की मंदिरों में श्रमदान की अपील बेहद सराहनीय है।

### देश विदेश की बड़ी हस्तियों ने भी लिया हिस्सा

# डीडीए का दो दिवसीय पतंग उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






डीडीए द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव के उपलक्ष्य में यमुना किनारे बांसेरा बंबू पार्क में आयोजित दो दिवसीय पतंग उत्सव रविवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। आयोजन में देश विदेश के राजनयिकों सहित देश के अलग अलग राज्यों के लोगों ने हिस्सा लिया। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने सफल आयोजन के लिए डीडीए की पीठ थपथपाई है। आयोजन में लोगों के लिए डीडीए ने पतंग की दुकान से लेकर गर्मा गर्म छोले भटूरे से लेकर अन्य चटपटी चाट पकौड़ी की भी व्यवस्था की थी। इस बारे में डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बांसेरा पार्क में पतंग महोत्सव की धूम रही जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे। लोगों की सुविधा के लिए पार्क में लगाई गई पतंग की दुकानों पर भारी भीड़ रही। डीडीए का कहना है कि दो दिन में उत्सव में लगभग पांच हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन की सफलता से गदगद डीडीए का कहना है कि दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में ऐसे आयोजन आगे भी किए जाएगें। उत्सव में पेशेवर कलाकारों द्वारा भांगड़ा, गरबा, घूमर और बिहू का शानदार प्रदर्शन किया गया। जबकि कर्नाटक, राजस्थान, बिहार, हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प स्टॉल पर लोगों ने खरीदारी की। डीडीए द्वारा आयोजित इस महोत्सव में राजस्थान, सिक्किम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, लक्षद्वीप और गुजरात के 30 से अधिक पेशेवर पतंगबाजों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। उत्सव के दौरान तिरंगे, ट्रेन और चील सहित विभिन्न आकृतियों, आकारों और रंगों की पतंगें उड़ाई गईं। महोत्सव में पतंग गैलरी, स्वादिष्ट भोजन और विशेष बच्चों के क्षेत्र के रूप में पतंगों के इतिहास को प्रदर्शित करने वाले थीम मंडप जैसे प्रमुख आकर्षण भी थे। महोत्सव का उद्घाटन 13 जनवरी 2024 को एलजी विनय कुमार सक्सेना के साथ केंद्रीय संस्कृति राज्य मीनाक्षी लेखी, सांसद हर्षवर्धन, रमेश बिधूड़ी व अन्य ने किया। उद्घाटन सत्र में बिधूड़ी और सांसद गौतम गंभीर, विधायक और प्राधिकरण सदस्य ओ पी शर्मा, मुख्य सचिव दिल्ली नरेश कुमार और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा उपस्थित थे। डीडीए ने कहा कि आयोजन में सेशेल्स, मंगोलिया, माली, बुरुंडी, बोलीविया, नाइजर, ऑस्ट्रिया , मालदीव, लीबिया और पेरू जैसे देशों के विदेशी दूतों और राजनयिकों ने भी महोत्सव में भाग लिया। एलजी ने उत्सव के आयोजन और राष्ट्रीय राजधानी में अब तक खराब परिदृश्य से बाहर खुले हरित स्थान विकसित करने के लिए डीडीए की सराहना की। एलजी ने दिल्ली के लोगों से अपने परिवार और दोस्तों के साथ इस उत्सव को मनाने के लिए बड़ी संख्या में बाहर आने की अपील करते हुए कहा था कि प्रकृति की गोद में आनंद लें। एलजी ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि दिल्ली के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए भविष्य में ऐसे कई आयोजनों की योजना बनाई जाएगी। लोहड़ी, मकर संक्रांति, बिहू, माघ, उत्तरायणी और पोंगल के शुभ अवसर पर त्योहारों का आनंद लेने के लिए लोगों को अपने परिवार और बच्चों के साथ महोत्सव में आने के लिए एक मनोरंजक अवसर के रूप में इस त्यौहार की योजना बनाई गई थी। बता दें कि एलजी सक्सेना ने अगस्त 2022 में बांसेरा की नींव रखी थी और इसे केवल 6 महीने के रिकॉर्ड समय में विकसित किया गया था। यह पार्क दिल्ली में भारी भीड़भाड़ वाले और प्रदूषित सराय काले खां इलाके के पास यमुना नदी से मुश्किल 200 मीटर की दूरी पर लगभग 100 एकड़ भूमि पर बना है। जून 2022 तक मौजूद कूड़े और सी एंड डी कचरे के ढेर को हरे-भरे पर्यावरण-अनुकूल संपत्ति में बदल दिया गया।

## निर्माण श्रमिकों के कौशल को बढ़ावा देगी दिल्ली सरकार : राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- सभी श्रम चौक और निर्माण स्थलों पर आयोजित होंगे प्रशिक्षण शिविर

दिल्ली सरकार निर्माण श्रमिकों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए सभी श्रम चौक और निर्माण स्थलों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाएगी। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के श्रम मंत्री राजकुमार आनंद ने दी। मंत्री आनंद ने इस पहल के बारे में बात करने हुए बताया कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के निर्माण श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल के साथ सशक्त बनाया जा सके। उनकी क्षमताओं में निवेश करके, हम न केवल उनकी व्यक्तिगत संभावनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि उनके बेहतर जीवन शैली में भी योगदान दे रहे हैं जो अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कौशल विकास को बढ़ावा देने और निर्माण श्रमिकों और मजदूरों के लिए उज्जवल भविष्य के मार्ग तलाशने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को मिलेगी दिहाड़ी

मंत्री आनंद ने बताया कि श्रमिकों के कौशल उन्नयन के प्रति समर्पण को देखते हुए, केजरीवाल सरकार प्रशिक्षण अवधि के दौरान होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई करेगी। इस वित्तीय सहायता का उद्देश्य श्रमिकों को दिहाड़ी के एवज में होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना है ताकि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस ट्रेनिंग में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकें। सरकार कौशल वृद्धि में लगे श्रमिकों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त पूर्व शिक्षण (आरपीएल) दिशानिर्देशों का पालन करेगी।

# भाजपा ने कोठारी बंधुओं को दी श्रद्धांजलि, सत्याग्रही सेवकों का किया सम्मान

*आज मन मे दर्द है तो गर्व की भी अनुभूति हो रही है, जिस तरह से मेरे भाइयों राम कोठारी और शरद कोठारी ने जिस रामकाज के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया, वो बलिदान आज सार्थक हो रहा है। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, जिसमें 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भाजपा महानगर इकाई ने भाजपा मुख्यालय पर राम मंदिर की विजय यात्रा के उपलक्ष में कोठारी बंधुओं के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सभी भाजपाइयों के बीच मुंबई से चलकर कोठारी बंधुओं की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गाजियाबाद पहुंची। उनका पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वह भावुक हो गईं। उन्होंने अपने भाई व अन्य शहीद कार सेवकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मेरा भाई तन मन धन के संकल्प के साथ आगे बढ़े। वैसे तो भारत देश का बच्चा-बच्चा राम के नाम का है। मेरा भाई रामकाज के लिए शहीद हुए, जिसका मुझे गर्व है। मेरे पिता मेरी मां ने तो ये कहा मेरे दो ही बेटे थे। तीसरा भी होता तो उसे भी राम काज में समर्पित कर देती। मैं भी उनकी बहन के रूप में पहचान गई और अब आपके समक्ष खड़ी हूं। मैने दो भाई खोया, लाखों भाई पाया। नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के बारे में उन्होने कहा यह मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं ये राष्ट्र निर्माण का मंदिर है।

उन्होंने कहा कि वह लोग राम मंदिर कैसे बनवाते, जिन्होंने कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं, हमें विश्वास था कि मंदिर मोदी के राज में ही बनेगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या जाने का निमंत्रण ठुकराने वाले राजनीतिक दलों के बारे में कहा कि अच्छा हुआ वो लोग ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि देवता और राक्षस दो तरह के लोग होते हैं, जो मंदिर से दूर रहता है वह राक्षस प्रवृत्ति का होता है, ऐसे लोगों को दूर ही रहना चाहिए।




### भाइयों ने विवादित ढांचे पर चढ़कर ध्वज फहराया, फिर रामधुन गाने लगे

उन्होंने कहा कि मेरे भाइयों ने सन 1990 में अशोक सिंहल को कारसेवा के दौरान अयोध्या में जब पुलिस की बर्बरता के कारण रक्त रंजित देखा तो खुद को रोक नहीं सके, वह राम जन्मभूमि विवादित ढांचे पर चढ़े और ध्वज फहराया। वह भी उस वक्त जब उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अयोध्या में कर्फ्यू लगाया था, दावा किया था कि वहां कोई परिंदा भी पर नही मार सकता है। ध्वज फहराने के बाद जब दोनों भाई रामधुन करने लगे, एक घर में शरण लेकर रुके तो सरकार ने खुन्नस में उनको पॉइंट आउट कर पुलिसकर्मियों की मदद से घर से निकालकर गोली मरवा दी, कायरों की तरह ऐसा किया गया, शरद के सीने में तो राम के सिर में गोली मारी गयी। दोंनों भाइयों का अंतिम संस्कार अयोध्या में ही किया गया था। कर्फ्यू और सख्ती के कारण परिवार के सदस्य वहां पहुंच भही नही पाए थे, हमने दोनों भाइयों को मंगल तिलक कर घर से खुशी- खुशी भेजा था, उनको उस हालत में हम शायद देख भी नही पाते। अब मेरी इच्छा है कि आने वाली पीढियां कार सेवकों के बलिदान को जान सकें, उनकी गाथाएं सुन सकें। इसके श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा आवश्यक इंतजाम करे।

### 60 से अधिक सत्याग्रहियों का अभिनंदन

*रामसेवक सत्याग्रहियों का अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कोठारी बंधु की बड़ी बहन पूर्णिमा कोठारी का शाल उड़ाकर माला बनाकर सम्मान अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात 60 से अधिक ऐसे सत्याग्रहियों का अभिनंदन किया गया। जो आंदोलन के दौरान जेल गए थे।*

## खबर संक्षेप

### फरीदाबाद में मोबाइल शॉप में 5 लाख की चोरी



**फरीदाबाद।** यहां नंगला रोड भड़ाना चौक के पास शनिवार रात घने कोहरे का फायदा उठाते हुए फौजी मोबाइल शॉप का चोरों ने शटर फाड़ कर नए अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का ताला नहीं तोड़ा, बल्कि बीच में से मोबाइल की दुकान का शटर फाड़कर दुकान के अंदर घुसे।

### भड़काऊ पोस्ट वाले 'एक्स' अकाउंट सस्पेंड



**फरीदाबाद।** नूंह हिंसा से चर्चा में आए बिट्टू बजरंगी के भाई महेश पांचाल की मौत के बाद सोशल मीडिया पर किए जा रहे भड़काऊ पोस्ट मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक युवक का 'एक्स' अकाउंट सस्पेंड कराया है। पुलिस उसके किए गए पोस्ट की जांच कर रही है। पोस्ट करने वाले के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

### भाजपा का दलित विरोधी चेहरा उजागर



**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के गुरुग्राम लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर कोच ने बताया हरियाणा सरकार/जिला उपायुक्त द्वारा नगर निगम गुरुग्राम को 4 जनवरी को नई वार्डबंदी में बनाए 36 वार्ड में से सभी आरक्षित वार्डों ड्रा किया। जिसमें अनुसूचित वर्ग की मात्र 3 सीट ही आरक्षित की गई। इसी के विरोध में आप पार्टी ने 19 जनवरी को डीसी गुरुग्राम से मिलकर हरियाणा सीएम के नाम ज्ञापन देगी।

### नाबालिग को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता नाबालिक लडक़ी को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। नाबालिक अपने घर से 6 जनवरी को बिना बताए अपने घर से निकल गई थी। जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई लडक़ी के नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा गुम होने की सूचना पुलिस चौकी सेक्टर 7 में दी गई थी।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम बंटी है। उसे बीपीटीपी एरिया से काबू किया। उसके कब्जे से 1 देशी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत पूछताछ की गई, जिसमें सामने आया कि उसके खिलाफ पहले भी अवैध हथियार के मुकदमे दर्ज हैं।

### नगर निगम ने शुरू किया स्वच्छ तीर्थ महासफाई अभियान

# जनप्रतिनिधि व निगम अधिकारियों के साथ आम नागरिक भी हुए अभियान में शामिल

नगर निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छ तीर्थ महा सफाई अभियान की शुरुआत हो गई है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की अधिकारी टीम के साथ धार्मिक स्थलों, सड़कों, पार्कों, बाजारों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों को पूर्णतः स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि यह अभियान 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छ तीर्थ महासफाई अभियान की शुरुआत हो गई है। जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की अधिकारी टीम के साथ धार्मिक स्थलों, सड़कों, पार्कों, बाजारों, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थलों को पूर्णतः स्वच्छ तथा प्लास्टिक मुक्त किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि यह अभियान 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा जिसमें निगम अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

मोहन नगर जोन कवि नगर जोन तथा विजयनगर जोन में विशेष सफाई अभियान देखने को मिला जिसके क्रम में मुख्य मार्गो धार्मिक स्थलों तथा कार्यालय की विशेष सफाई की गई। क्षेत्रीय पार्षदों ने भी अभियान में हिस्सा लिया साथ ही आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए जागरूक किया गया। जोनल प्रभारी की देखरेख में सफाई मित्रों तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जन सहयोग से शहर में प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा धूल मुक्त अभियान चलाया। कई एनजीओ ने भी निगम का सहयोग किया।

**खास बातें**

- लोगों से सफाई व्यवस्था बेहतर रखने की अपील
- अभियान का नारा प्लास्टिक व धूल मुक्त शहर



### 22 जनवरी तक चलने वाला स्वच्छता अभियान शुरू

वृहद स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विधायक सहिबाबाद, पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन, एसीपी साहिबाबाद व पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर साहिबाबाद में स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी संगठन ने मिलकर रविवार से 22 जनवरी तक चलने वाले "स्वच्छता अभियान" की शुरुआत की।

### दुहाई स्टेशन से 500 मीटर की दूरी पर और पेरिफेरल हाइवे

# नमो भारत ट्रेन के चलते प्रॉपर्टी में बूम, मधुबन-बापूधाम के फ्लैटों के लिए लोगों का रुझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

- *पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर निकाली गई सारी स्कीम*
- *मधुबन-बापूधाम में जीडीए कार्यालय बनाने का प्रस्ताव भी है*

नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट जैसे-जैसे चरणबद्ध तरीके से परवान चढ़ रहा है।

जिले की प्रॉपर्टी में बूम बढ़ रहा है। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर निकाली गई स्कीम में तीन माह में 151 फ्लैट बिक चुके हैं। बिकने वाले फ्लैटों में सबसे ज्यादा मधुबन-बापूधाम योजना के हैं व कुछ चंद्रशिला आवास योजना, कोयल एंक्लेव, इंद्रप्रस्थ योजना व संजयपुरी के हैं। जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि नमो भारत ट्रेन परियोजना से गाजियाबाद जिले की प्रॉपर्टी में जबरदस्त बूम आया है। मधुबन-बापूधाम के फ्लैट नमो भारत ट्रेन के दुहाई स्टेशन से मात्र 500 मीटर की दूरी पर और पेरिफेरल हाइवे से 15 मिनट की दूरी पर हैं व यहां जीडीए कार्यालय बनना प्रस्तावित है।




### अब तक 700 फ्लैटों की योजना हुई है लांच

ऐसे में यहां फ्लैट खरीदना लोग फायदे का सौदा समझ रहे हैं। यही कारण है कि मधुबन-बापूधाम योजना के फ्लैटों के लिए लोगों का रुझान ज्यादा है। जीडीए ने यहां विभिन्न श्रेणी के 700 फ्लैटों की योजना लांच की है। अपर सचिव ने बताया कि बेहतरीन लोकेशन पर फ्लैट खरीदने का इससे अच्छा मौका लोगों को कभी नहीं मिलेगा।

### हिंडन हवाई अड्डे से दो किमी दूर है कोयल एंक्लेव व इंद्रप्रस्थ

कोयल एंक्लेव में 479, इंद्रप्रस्थ योजना में 396, संजयपुरी मोदीनगर में 44 ईडब्ल्यूएस फ्लैट व चंद्रशिला आवास योजना में 36 फ्लैट खरीदने का लोगों के पास अच्छा मौका है। कोयल एंक्लेव व इंद्रप्रस्थ योजना के फ्लैट दिल्ली के नजदीक है व हिंडन हवाई अड्डे से दो किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं संजयपुरी के फ्लैट नमो भारत ट्रेन के मोदीनगर उत्तरी स्टेशन से 15 मिनट की दूरी पर हैं और चंद्रशिला योजना पुराना बस अड्डा, नया गाजियाबाद मेट्रो स्टेशन, डीएम आफिस व पुलिस कमिश्नर आफिस के नजदीक हैं।

### हरियाणा सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव रहे मौजूद

# अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



सांई मंदिर मवई रोड में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सांई मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ उपस्थित थे।

अजय गौड़ ने इस अवसर पर कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजमान होगें। जिसको लेकर भारत वर्ष ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के हिन्दू परिवार अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाएगें। देश भर के सभी मंदिरों में भव्य पूजा अर्चना की जाएगी। यह सभी अपने घरों में दीपक जलाकर भगवान राम के आगमन पर खुशियां मनाए।

साईं मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि आगामी 22 तारीख को मंदिर में रामचरित मानस का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

यात्रा में आसपास की कॉलोनी की महिलाओं एवं पुरुषों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में आरएसएस नगर कार्यवाहक दिनेश बंसल, शोभित अरोड़ा, प्रवीण चौधरी, जतिन प्रधान, डॉक्टर नवीन, पंडित विनय शास्त्री विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### भाजपा नेता यशवीर सिंह ने

# महेश पांचाल की पुत्री की शिक्षा और विवाह का लिया जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वरिष्ठ भाजपा नेता यशवीर सिंह डागर ने मकर संक्रांति के अवसर पर गोरक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के निवास पर उनके दिवंगत छोटे भाई महेश पांचाल की 5 वर्ष की बेटी दीपिका की शिक्षा व विवाह का खर्च वहन करने का जिम्मा लिया।

उन्होंने कहा कि बिटिया दीपिका शिक्षा व शादी तक का सारा खर्च वे उठाएंगे। अभी वह 5 साल की है वह ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट तक भी पढ़ाई करेगी तो पूरा खर्च मेरी तरफ से होगा। मेरा प्रयास रहेगा कि इस बेटी को पढ़ा लिखा कर इसे अपने पैरों पर खड़ा करूं तथा इसकी शादी का खर्च भी मैं उठाऊं।

### मकर संक्राति के उपलक्ष्य में

# भाजपा महानगर कार्यालय पर हुआ सुंदर कांड का पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के तत्वधान और मकर संक्रान्ति के अवसर पर गाजियाबाद में नेहरूनगर स्थित भाजपा जिला महानगर कार्यालय पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। पंडित ने गणपति वंदना, श्री राम, हनुमान पूजन के साथ पाठ प्रारंभ कराया। इस दौरान कार्यालय के प्रांगण में पूरी भक्ति और उल्लास के साथ में सुंदरकांड का पाठ का गायन एवं श्रवण किया गया। मौके पर महानगर के पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों आदि सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भक्ति रस की मस्ती में गोते लगाए।

### नारद जी डॉट कॉम नाटक का मंचन

रंगमंच बात कहने का सशक्त माध्यम बने

# रविवार को पुलिस आयुक्त ने पुलिस कर्मियों को दिया तनावमुक्त जीवनशैली का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जेसी बोस विश्वविद्यालय के सभागार में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा पुलिस कर्मियों को तनावमुक्त व ऊर्जावान करने हेतु नारद जी डॉट कॉम नाटक का मंचन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राकेश कुमार आर्य ने दीप प्रज्वलन से किया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि वेब सीरीज और ओटीटी के दौर में रंगमंच अपनी बात कहने का सशक्त माध्यम है जो सहज ही दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और पुलिसकर्मियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए, जिससे की उनकी रोजमर्रा की तनावपूर्ण कार्यप्रणाली में एक नई स्फूर्ति, ताजगी एवं उत्साह का संचार हो सके और इस नाटक का मंचन इसी उद्देश्य के लिए किया गया है।

### कलाकारों ने बेजोड़ अभिनय का प्रदर्शन कर मंत्रमुग्ध किया



नाटक नारद जी डॉट कॉम हिसार के वरिष्ठ रंगकर्मी अनूप मीचू द्वारा लिखित, निर्देशित व अभिनीत था अनूप मीचू द्वारा इस प्रकार के करीब 150 से अधिक प्रोग्राम किया जा चुके हैं। उन्होंने इस तरह के प्रोग्राम करने का करीब 35 साल से अधिक का अनुभव है। जिसमें उन्होंने मानव मन की सभी संवेदनाओं को बहुत ही बारिकी और भावपूर्ण ढंग से अपनी बेजोड़ कलाकारी व अभिनय से अभिव्यक्त किया और नाटक के माध्यम से बताया कि आज भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में उलझ कर मनुष्य जो ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है अपने निर्माण के मूल लक्ष्य से भटक कर आपाधापी, प्रतिस्पर्धा और चकाचौंध में उलझ कर रह गया है। इस मायाजाल में फंस कर आज का मनुष्य अपना स्वास्थ्य, परिवार, रिश्ते नातों को पीछे छोड़ अंतहीन आकांक्षाओं के पीछे बस भागता चला जा रहा है और जब उसे लगता है अब जिंदगी उसकी मुट्ठी में है, तब तक जिंदगी निकल चुकी होती है और अंत समय नजदीक आ चुका होता है। गहन गंभीर चिंतन से लिखी इस रचना में निर्देशक अनूप मीचू ने अपने मन की अनुभूतियों को शब्दों में उकेरा और काव्य अभिव्यक्तियों से सजाया जिससे सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सहयोगी कलाकारों में डॉ.कीर्ति गोयल, संदीप शर्मा, डा. महेंद्र चुघ और आशीष शर्मा ने नाटक को जीवंत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ब्रह्म दत्त ब्लूबैल्स स्कूल में समारोह का आयोजन

# विश्व के पटल पर अपनी क्षमता के साथ विशिष्ट पहचान बनाने को उत्साहित बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल में निवर्तमान 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रशस्ति समारोह के रूप में अविस्मरणीय रहा। चटख नीले रंग के वस्त्र तथा टोपी को धारण किए हुए विशेष उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने औपचारिक दीप प्रज्ज्वलित किया। अपनी क्षमताओं को विशेष आकार देने के लिए विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए निकलने का समय है। ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल अपने विद्यार्थियों को खेल, आईटी, शारीरिक शिक्षा, गणित-विज्ञान, साहित्य-संगीत, वाणिज्य-व्यवसाय की शिक्षा के साथ नेतृत्व व प्रबंधन की अभिक्षमता को निखारने के लिए छात्रों को विशेष वातावरण मुहैया करता है।

यह अवसर विद्यार्थियों के लिए उनके उत्कृष्ट व्यक्तित्व का सैद्धांतिक मूल्यांकन है। स्नेही माता-पिता की तालियों की गड़गड़ाहट और शिक्षकों के आशीर्वाद के बीच विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों की एक व्यक्तिगत प्रशस्ति प्रस्तुत किया। यह उन्हें दुनिया का मुकाबला करने के लिए तैयार होने का एक सुदृढ़ प्रोत्साहन होगा। समारोह में ब्लू बैल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की निदेशिका डॉ. सरोज सुमन गुलाटी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिए।

श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# 55 देशों के नेताओं को न्योता, राजदूत भी बनेंगे कार्यक्रम का हिस्सा
# करीब 13 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों का अभेद सुरक्षा घेरा होगा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसी ऐतिहासिक दिन को नवनिर्मित मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, सियासत से लेकर खेल और अध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियों को भी कार्यक्रम में आने का न्योता मिला है। वहीं, 55 देशों के करीब 100 प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है।

नहीं उड़ सकेंगे ड्रोन ओएफसी लिंक कैमरे भी लगाए गए हैं। 12 एंटी ड्रोन सिस्टम के माध्यम से रेड और येलो जोन को सुरक्षित किया गया है।



## कोरिया की रानी को भी दिया आमंत्रण

विश्व हिंदू फाउंडेशन के संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद का कहना है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राजदूतों और सांसदों सहित 55 देशों के लगभग 100 प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। इनके अलावा, कोरियाई रानी को भी आमंत्रित किया गया है, जो प्रभु राम के वंशज होने का दावा करती हैं।

### इन देशों को दिया न्योता

जिन देशों को आमंत्रित किया गया है उनमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेलारूस, बोत्सवाना, कनाडा, कोलंबिया, डेनमार्क, डोमिनिका, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी), मिस्र, इथियोपिया, फिजी, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, घाना, गुयाना, हॉन्गकॉन्ग, हंगरी, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इटली, जमैका, जापान, केन्या, कोरिया, मलेशिया, मलावी, मॉरीशस, मैक्सिको, म्यांमार, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, नॉर्वे, सिएरा लियोन, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इनके अलावा, स्पेन, श्रीलंका, सूरीनाम, स्वीडन, ताइवान, तंजानिया, थाईलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो, वेस्ट इंडीज, युगांडा, यूके, यूएसए, वियतनाम और जाम्बिया को भी न्योता भेजा गया है।

## सीसीटीवी कैमरों के जरिए निरंतर निगरानी

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रीराम लला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर लगभग 13 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों का अभेद सुरक्षा घेरा होगा। एटीएस कमांडो व जवानों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व एंटी ड्रोन सिस्टम के जरिए उसे और पुख्ता बनाया गया है। जमीन से लेकर आसमान और सरयू नदी के तटों पर कड़ी नजर होगी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी संदिग्धों की निरंतर निगरानी होगी। आईबी व रॉ के अधिकारियों ने भी अयोध्या में डेरा डाल रखा है और कई स्तर पर सुरक्षा प्रबंधों की निरंतर समीक्षा की जा ही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अत्याधुनिक तकनीक के सहयोग से चप्पे-चप्पे पर नजर रखे जाने का कड़ा निर्देश दिया है। सरयू नदी व उसके घाटों पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवान मुस्तैद कर दिए गए हैं। अयोध्या में मेहमानों की सुरक्षा के लिए बार कोडिंग का प्रयोग भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जस्टिन इमाम का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**हजारीबाग।** झारखंड की पारंपरिक सोहराई और खोवर कला को लोकप्रिय बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले जस्टिन इमाम का हजारीबाग में निधन हो गया। प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित बुलु इमाम के सबसे बड़े पुत्र जस्टिन को शनिवार तड़के तीन बजे दिल का दौरा पड़ा। उन्होंने अपने दीपुगढ़ा आवास पर अंतिम सांस ली। वह 49 वर्ष के थे। शोक संतप्त पिता ने बताया कि उनके बेटे को हजारीबाग कब्रिस्तान में दफनाया गया। जस्टिन के प्रयास से सोहराई कला को जीआई टैग मिला था।



### 500 रुपए के लिए आंखें निकालीं, दबाया गला

**आरा।** बिहार के आरा में 500 रुपए के लिए गला दबाकर और आंख फोड़कर की जाने वाली नृशंस हत्या में मुख्य आरोपी अजय पटेल को भोजपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 10 जनवरी को मजदूरी को लेकर चल रहे विवाद में मारपीट के बाद बसंतपुर बारा के एक युवक मोहन सिंह (20) की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी का मृतक से 500 रुपए को लेकर विवाद था। उसने मोहन के साथ खाना खाया। नशे की हालत में मारपीट की। उसके बाद टीशर्ट से गला दबा कर उसको मार डाला।



सीएम योगी ने लता मंगेशकर चौक में झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया

# सभी रामभक्त रामलला दर्शन को आतुर आने वाले श्रद्धालु अच्छी छवि लेकर जाएं

- 500 वर्षों बाद राम भव्य मंदिर में होंगे विराजमान
- 50 ई-बसों और 25 ई-ऑटो को दिखाई हरी झंडी
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला प्राण प्रतिष्ठा से पहले यूपी में बड़े अभियान का शुभारंभ हो गया। हर गांव और हर गली में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लता मंगेशकर चौक में झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया के रामभक्त रामलाल दर्शन के प्रति आतुर हैं। आने वाले श्रद्धालु एक अच्छी छवि लेकर जाएं, हमारे लिए प्रभु सेवा का यही अवसर है।

सीएम योगी ने महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से हनुमानगढ़ी में पहुंच कर दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद लता मंगेशकर चौक पहुंचे। सीएम योगी ने 50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई-ऑटो को हरी झण्डी दिखाई। साथ ही सीएम ने डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया।

» सीएम योगी ने अयोध्या के लता मंगेशकर चौक में झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान हर गांव और हर गली में चलाया जाएगा।







## प्रभु की सेवा में कुछ करने का अयोध्यावासियों को मिला अवसर

सीएम योगी ने अयोध्यावासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले सभी श्रद्धालुजनों के लिए अभी से उनका अग्रिम अभिनंदन करते हुए सभी अयोध्यावासियों का अभिवादन करता हूं। हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है, जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का अवसर मिलता है। हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया के रामभक्त अयोध्या के प्रति आतुर है। सीएम ने कहा कि आज हर किसी की इच्छा है कि उसे अयोध्या धाम का दर्शन हो, यह हमारा सौभाग्य है कि प्रभु की सेवा में हमें कुछ कर गुजरने का अवसर मिल रहा है, इसलिए हमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ना है। यहां जो भी श्रद्धालु आएं वो एक अच्छी छवि लेकर जाएं यही अपेक्षा है।



### » अयोध्या पुलिस की वेबसाइट का शुभारंभ किया

सीएम योगी ने अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस से सहायता लेनी है, कहां थाना है, कहां चौकी है, इमरजेंसी सेवाएं कैसे मिलेंगी, 1090 की क्या भूमिका है, 112 की क्या भूमिका है, कौन अधिकारी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेगा, पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर आपको यह सुविधा भी मिल जाएगी।

### लांच किया डिजिटल टूरिस्ट एप

सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल टूरिस्ट एप को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट एप से अयोध्या आने वाले लोग अयोध्या की एक-एक चीज को देख सकें, अवलोकन कर सकें और आसानी से महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंच सकें, इसलिए ये सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सिर्फ इंग्लिश में नहीं बल्कि हिंदी, संस्कृत समेत संविधान की अनुसूची में जितनी भी भाषाएं हैं, उनमें भी यह उपलब्ध हो जाएगा। सीएम योगी ने अयोध्या को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए सीएम ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया।



# मकर संक्रांति पर संत कबीर कुटीर 'राममय'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री आवास राममय नजर आया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए संत कबीर कुटीर पर श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि राज्य के अंत्योदय परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

भजन संध्या में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल व यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बच्चों के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया।भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपने भजनों की विशेष प्रस्तुति दी। अंत्योदय परिवारों के बच्चों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मकर संक्रांति उनके जीवन में सदैव स्मरणीय रहेगी वहीं उनके दिलों में एक विशेष स्थान बनाए रखेगी। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके जीवन में कभी ऐसा क्षण आएगा, जब उन्हें मुख्यमंत्री के आवास पर जाने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे खुशी से झूमते नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मकर संक्रांति की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुसार मकर संक्रांति का यह दिन विशेष महत्व रखता है, ऐसा माना जाता है कि इस दिन से सूर्य की किरणें उत्तरायण की ओर आती हैं, जिसका अर्थ होता है कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम लला विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि 14 जनवरी से ही देशभर में वातावरण को राममय करना है, इसलिए मंदिरों में स्वच्छता व सौंदर्यता बनाए रखें। यह पहला अवसर है जब राज्य के किसी मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम पायदान के अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों के बच्चों को अपने आवास पर मकर संक्रांति के पावन पर्व के लिए आमंत्रित किया है। इस दिन की स्मृति निस्संदेह अंत्योदय परिवारों के बच्चों के दिलों में बनी रहेगी, और उन्हें याद दिलाएगी कि वे भी सामाजिक ताने-बाने का एक अभिन्न अंग हैं।

## पेज एक का शेष

### हमारी उत्सव परंपरा...

है। उन्होंने कहा कि मैं सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि और संतोष की धारा के निरंतर प्रवाह की कामना करता हूं।

### कई युवाओं ने...

अर्पित की जाती है, जो 'अन्नदाता किसानों' को इस उत्सव परंपरा के केंद्र में रखती है। पीएम मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि सुपरफूड श्रीअन्न के बारे में एक नई जागरूकता आई है और कई युवाओं ने श्री अन्न पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स खेती करने वाले 3 करोड़ से ज्यादा किसान प्रोत्साहन से सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं।

### नड्डा, योगी समेत...

जायसवाल, पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, स्मृति श्रीवास्तव, मीनू पांडेय, प्रमोद पांडेय, दिलीप केसरवानी, संजय केसरवानी, पार्षद मुकेश कसेरा, विवेक मिश्र, श्रीधर पांडेय आदि मौजूद रहे।

**श्री बड़े हनुमानजी मंदिर में भी चला अभियान:** पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने पदाधिकारियों संग मकर संक्रांति पर्व से शुरू होकर 21 जनवरी तक अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता एवं भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के लिए भजन कीर्तन करने के लिए रविवार को संगम तट, दशाश्वमेध घाट, प्रभु घाट, अष्टभुजा घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया।

### हिट एंड रन केस के ...

मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है।

**अभी मिलता है अधिकतम 2 लाख मुआवजा:** मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपए का मुआवजा मिलता है। वहीं, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है।

### भारत ने अफगानिस्तान...

15 सीरीज में दो बराबरी पर छूटी हैं और 13 भारत के नाम रही हैं। दोनों ड्रॉ सीरीज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई थीं। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आई अफगानिस्तान की टीम ने 20 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 172 रन बनाए। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 15.4 ओवर में चार विकेट खोकर 173 रन बना लिए और छह विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के लिए गुलबदीन नईब ने 57 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन और रवि बिश्नोई-अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 68 और शिवम दुबे ने नाबाद 63 रन बनाए। अफगानिस्तान के करीम जनत ने दो विकेट लिए।

### गुजरात और मध्य...

की मोटरसाइकिल की अगली सीट पर बैठकर घर जा रहा था। पतंग की डोर के चलते बच्चे के गर्दन पर गहरी चोट लगी। जिसके बाद ज्यादा खून बहने से बच्चे की मौत हो गई। गुजरात में पतंग के डोर से कम से कम 66 लोग घायल हुए। वहीं मध्यप्रदेश के धार जिले में सात वर्षीय बच्चे की चाइनीज मांजे से गला कटने पर मौत हो गई। बच्चा अपने पिता के साथ बाजार जा रहा था, तभी उसके गले से होकर चाइनीज मांजा निकला और बच्चा लहूलुहान हो गया। सात साल का कनिष्क चौहान अपने पिता के साथ बाइक से हटवाड़ा चौक से गुजर रहा था। तभी उसके गले में चाइनीज मांजा फंस गया। पिता कुछ समझ पाते, कनिष्क के गले से खून बहने लगा। परिजन घायल कनिष्क को लेकर धार के निजी अस्पताल पहुंचे, वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि 14 जनवरी को दिन में चाइनीज मांजे से एक अन्य बच्चा व बुजुर्ग भी गंभीर घायल हुए हैं। वहीं शाम को ये हादसा हो गया। मध्य प्रदेश सहित देशभर में चाइनीज मांजे को प्रतिबंधित किया गया है। फिर भी आसानी से बाजारों में उपलब्ध है। जिसका नतीजा रहा है कि सात साल के बच्चे की गला कटने से मौत हो गई।

### राहुल करीब 70 नेताओं...

स्मारक का दौरा किया। इंडिगो की उड़ान से कांग्रेसी नेता इंफाल पहुंचे। कांग्रेस के इस जनसंपर्क अभियान के दौरान राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेता, अगले 67 दिनों में 110 जिलों से होकर गुजरेंगे। मुंबई पहुंचने तक कुल 6,700 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने की योजना बनाई गई है। उधर, राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि रैली और यात्रा के दौरान कोई राष्ट्रविरोधी या सांप्रदायिक या कोई प्रतिकूल नारा नहीं लगना चाहिए। जिले के खोंगजोम इलाके के एक मैदान में इस यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरी झंडी दिखाई गई। खड़गे समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। राहुल गांधी 60 से 70 यात्रियों के साथ पैदल और बस से सफर करेंगे। हालांकि, पहले यह राजधानी इंफाल से शुरू होने वाली थी, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया। यात्रा से पहले राहुल ने कहा कि शायद पीएम मोदी के लिए मणिपुर, हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है, लेकिन हम जनता के मन की बात सुनना चाहते हैं। गांधी ने कहा कि देश में मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है।

### भाजपा का तंज...

से ज्यादा दौरे कर चुके हैं। इंटरनेट, हाइवे, एयरपोर्ट, रेलवे का निर्माण तेज रफ्तार से हो रहा है। उत्तर पूर्व में 9 एयरपोर्ट से बढ़कर 17 हो गए हैं। 100 सालों के बाद नगालैंड में दूसरा रेलवे स्टेशन खुला है।

### राजस्थानी दाल बाटी ...

अलग-अलग फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। इन फ़ूड कोट्‌र्स में मेहमानों और श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग राज्यों के लोगों की ओर से व्यवस्था की गई है।

### अब तक कहां से ...

बड़ोदरा से 108 फीट लंबी धूपबत्ती अयोध्या भेजी गई है। धूपबत्ती 3,610 किलो की है। ये करीब डेढ़ महीने तक जलेगी। सूरत शहर में तैयार की गई एक विशेष साड़ी मंदिर अधिकारियों को भेजी जाएगी। सूरत के ही एक हीरा व्यापारी ने 5,000 अमेरिकी हीरे और दो किलो चांदी का उपयोग करके राम मंदिर की थीम पर एक हार बनाया है। 40 कारीगरों ने 35 दिन में डिजाइन पूरा किया और हार को राम मंदिर ट्रस्ट को उपहार में दे दिया गया है।

6. **महाराष्ट्र से राम हलवा:** नागपुर में रहने वाले शेफ विष्णु मनोहर ने घोषणा की है कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले भक्तों के लिए 7,000 किलोग्राम 'राम हलवा' तैयार करेंगे।
7. **तेलंगाना से सोने की चरण पादुका** :हैदराबाद के 64 वर्षीय चल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने सोने की परत चढ़ी चरण पादुका भेंट की।
8. **आंध्र प्रदेश से 1 लाख लड्डू:** तिरूपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर अयोध्या में भक्तों के लिए एक लाख लड्डू भेजेगा।

सेना की जमीन के अवैध खरीद-बिक्री का मामला

# पूर्व उपायुक्त और कारोबारी की जमानत पर 19 को होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ रांची

सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर हाई कोर्ट में अब 19 जनवरी को सुनवाई होगी। यह मामला जस्टिस एसएन प्रसाद की कोर्ट में सूचीबद्ध है। ईडी ने दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपित के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। हाई कोर्ट में छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के जवाब का उनकी ओर से प्रतिउत्तर दिया गया है।



### 22 ठिकानों पर की गई छापेमारी

बता दें कि इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी और बड़ी संख्या में जमीन की फर्जी डीड के अलावा मुहर एवं अन्य कागजात ईडी ने बरामद किए थे। इसके बाद अगले ही दिन 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा-

# बिहार के युवकों में भारत को बदलने की ताकत, बच्चों को पढ़ाएं, महत्वाकांक्षी बनाएं

एजेंसी ▶▶ बेगूसराय

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के युवाओं में भारत को बदलने की ताकत है। उन्होंने कहा कि बिहार का हर लड़का इतना महत्वाकांक्षी बने कि देश चला सके।

उन्होंने कहा कि देशभर में बिहार के लड़के समझदार हैं। यहां के लोग देशभर में काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लड़के दूसरों को सलाह भी दे सकते हैं। प्रशांत किशोर ने मंसूरचक में पदयात्रा की। वे सबसे पहले प्रखंड क्षेत्र के नवटोल स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में पहुंचे जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया।

## बिहार के लोग देश चला सकते हैं



प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोग जब बाहर जाते हैं तो बिहारी कहकर लोग गाली देते हैं। उन्हें अनपढ़ और बेवकूफ बोलते हैं। लोग समझते हैं कि बिहार के लोग सिर्फ मजदूरी के लिए बने हैं लेकिन उन्हें नहीं पता है कि बिहार के लोग देश चला सकते हैं। इसलिए मैं सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने बच्चों को पढ़ाएं और महत्वाकांक्षी बनाएं। लेकिन अगर कोई बिहारी दूसरे राज्यों में जाकर बिहार का झंडा लहराकर आया है तो वो खराब नहीं है।

### » अपने एक-एक वोट का महत्व समझें

प्रशांत किशोर ने कहा कि आप अपने एक एक वोट का महत्व समझें। क्योंकि आपके वोट से देश का प्रधानमंत्री बनता है और देश चलाता है। इसलिए पढ़ाई के लिए वोट कीजिए। राजद पर हमला बोलते हुए पीके ने कहा कि लालू प्रसाद पर रेड होना कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी आपको पांच किलो अनाज दे रहे हैं इससे आपकी गरीबी दूर नहीं हो जाएगी। आप अमीर नहीं हो जाएंगे। असल समस्या को दूर नहीं कीजिए, बच्चों को पढ़ाएं, कब तक उनसे मजदूरी करवाते रहेंगे। आपका बच्चा मजदूर बनकर रह जाता है।

प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पाक युद्ध में दिखा सेना का मानवीय चेहरा

आठवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा

# भारतीय सैनिकों की बहादुरी और मानवता को पूरी दुनिया में सम्मान और पहचान के साथ किया जाता है याद

एजेंसी ▶▶ कानपुर

भारतीय सैनिकों की बहादुरी और मानवता का न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में सम्मान और पहचान है। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में हमारे सैनिकों की बहादुरी को दुनिया भर में सम्मान के साथ याद किया जाता है। हम भारतीय भी न सिर्फ अपने देश के सैनिकों का बल्कि दूसरे देशों के सैनिकों का भी सम्मान करते हैं। दुनिया भारतीय सेना का मानवीय चेहरा पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में देख चुकी है। ये बातें रविवार को वायु सेना स्टेशन चकेरी में आयोजित आठवें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस समारोह 2024 में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहीं।



## हमारी सेना ने उन्हें सम्मान के साथ वापस भेजा

सिंह ने कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों ने भारत के सामने आत्मसमर्पण किया था। हम उनके साथ जैसा चाहते, वैसा व्यवहार कर सकते थे लेकिन हमारी संस्कृति और परंपरा ऐसी है कि हमने मानवीय नजरिया अपनाया और उन्हें पूरे सम्मान के साथ उनके देश वापस भेजा। दुश्मन देश सैनिकों के साथ ऐसा व्यवहार मानवता के सुनहरे अध्यायों में से एक है। हर भारतीय के दिल में सैनिक एक विशेष स्थान रखते हैं।

### 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना को लागू करने से लेकर स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार देने तक अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर कार्य कर रही है।



# निगेटिव किरदार में नजर आएंगे रितेश...

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख निगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय के खिलाफ होंगे। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उप्र और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत, अभिषेक और कृष्ण कुमार ने किया है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## झूमते हुए गिरी, हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से कम और ऊटपटांग वजहों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी अपनी बॉयफ्रेंड की वजह से तो कभी अपने सेल्फ लव को लेकर वो लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

पूरा देश अब उन्हें अटेंशन सीकर बुलाने लगा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला कई बार ऐसी हरकतें कर चुकी हैं कि अब वो अक्सर ट्रोलर्स के निशाने पर बनी रहती हैं। ऐसे में अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वो अब बुरी तरह से ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस पर नशे में होने का आरोप लगा दिया है। इतना ही नहीं उर्वशी के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का शिकार हो गए हैं। ये वीडियो एक पार्टी का है लेकिन इसमें ऐसा क्या है, जिसके वायरल होने के बाद उर्वशी रौतेला अब इतनी चर्चा में आ गई हैं चलिए जानते हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, इसमें एक्ट्रेस बुरी तरह से लड़खड़ाती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने काफी पी रखी है। अपनी मम्मी के बर्थडे पर वो याच में पार्टी कर रही हैं। उनके पापा भी साथ में झूम रहे हैं। अचानक ही उर्वशी डांस करते-करते गिर जाती हैं फिर उनसे उठा नहीं जाता। उर्वशी की मां उन्हें उठाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, कुछ वक्त लेने के बाद वो खुद से उठती हैं और फिर से झूमने लगती हैं।



हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम पर वापस लौटीं...

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है।




# निकोल ने अवॉर्ड शो में किया अकेला महसूस...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस निकोल किडमैन ने 2002 में ऑस्कर जीतने वाली रात अपने होटल के कमरे में अकेले खाना खाया था। उन्होंने सफल करियर के बावजूद अपने पर्सनल लाइफ में होने वाले 'स्ट्रगल' को याद किया। निकोल ने 2002 में ड्रामा फिल्म 'द आवर्स' में अपनी भूमिका के लिए ऑस्कर जीता था। उस वक्त वह टॉम क्रूज से तलाक लिए जाने को लेकर सुर्खियों में थी। एक्ट्रेस ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस वक्त उन्होंने अवॉर्ड शो के बाद बहुत अकेला महसूस किया और अपने होटल वापस जाने का विकल्प चुना था। डेव कार्गर की आने वाली किताब '50 ऑस्कर नाइट्स' के एक अंश में उन्होंने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ में काफी चीजों से जूझ रही थे।



# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज...

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।



# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।'

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था। अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।



# इंटीमेट सीन की हो ठोस वजह : कोंकणा



**मुंबई।** एनिमल को लेकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में कई सीन को महिला विरोधी बताया गया। अब इस पर कोंकणा सेन ने अपनी राय दी है। कोंकणा ने कहा कि उन्हें स्क्रीन पर हिंसा दिखाने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इसके पीछे कोई ठोस वजह होनी चाहिए। यही बात इंटीमेट सीन पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, फिल्म में इसके होने का कोई कारण होना चाहिए। चाहे वह किरदारों से जुड़ा हो या किसी प्लॉट से जुड़ा हो। केवल एक बात है कि इस तरह का सीन क्यों है? डायरेक्टर की मंशा क्या है?

कोंकणा आगे कहती हैं, जहां तक मैं समझती हूं मुझसे गलती हो सकती है। मैंने एनिमल नहीं देखी है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह मेरी तरह की फिल्म है। रिव्यूज और अन्य चीजों से भी इसे देखने की मेरी इच्छा नहीं हुई। कोंकणा ने बताया कि डायरेक्टर के पहले के काम के बारे में उन्हें पता है और उन्होंने रिलेशनशिप में हिंसा दिखाने को लेकर अपना बचाव किया है लेकिन कोंकणा इसका सपोर्ट नहीं करतीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है मैं किसी भी तरह से उनकी टारगेट ऑडियंस हूं। लाखों लोग इसे देख रहे हैं इसलिए यह बहुत अच्छा चल रहा है और उन्हें मेरी जरूरत नहीं है।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन...



**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।

# 1933 ने देविका रानी पर फिल्माया था बॉलीवुड का पहला लंबा किसिंग सीन...

**मुंबई।** आज के समय में फिल्में हों या वेब सीरीज अभिनेत्रियां इंटीमेट सीन और लिपलॉक देने से कतराती नहीं हैं। कम ही ऐसी फिल्में होती हैं, जिनमें किसिंग सीन न फिल्माया गया हो। देखा जाए तो ये पब्लिक की डिमांड भी है, तभी तो इन सींस का बोलबाला है। दीपिका पादुकोण हो या फिर आलिया भट्ट या बात हो मल्लिका शेरावत की सभी ने किसिंग सीन दे बड़े पर्दे पर आग ही लगा दी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड का पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन किसने दिया था। हालांकि इस सीन पर बाद में विवाद भी हुआ था।

### कब फिल्माया गया ये किसिंग सीन

फिल्मों में अक्सर किसिंग सीन आते रहते हैं, जो अब आम हो गए हैं। लेकिन अगर हम बात साल 1933 की फिल्म की करें जिसमें लिप लॉक किया गया था, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। बड़े पर्दे पर पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन फिल्म कर्मा में फिल्माया गया था। ये मूवी साल 1933 में रिलीज हुई थी। किसिंग सीन



देने वाली एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि 'देविका रानी' थी। हालांकि उन्हें इस सीन को करने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पति हिमांशु राय के अपोजिट ही इस इंटीमेट सीन को किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये सीन 4 मिनट लंबा था, जिसने गदर मचा दिया था। हालांकि उस दौर में बोल्डनेस इतनी ज्यादा दिखाई नहीं देती थी। लेकिन देविका रानी ने अपनी अपार बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था। न सिर्फ किसिंग सीन बल्कि सिगरेट और शराब पीने में भी वो आगे थीं। एक्ट्रेस के गर्म मिजाज की वजह से उन्हें ड्रैगन लेडी का नाम भी दिया गया।

# एयरलाइन कंपनी पर लगाया टॉर्चर का आरोप



**मुंबई।** इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर एक एयरलाइन कंपनी पर गुस्सा निकाला है। हाल ही में, सुरभि को अपनी मां के लिए फ्लाइट के जरिए कुछ सामान भेजना था, लेकिन फ्लाइट डिले और स्टाफ के झूठे वादों से एक्ट्रेस इतना तंग आ गईं कि उन्होंने उस एयरलाइन कंपनी को सबसे बेकार बता दिया। यही नहीं, सुरभि ने कंपनी पर मेंटल टॉर्चर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टाफ ने उनके साथ बद्तमीजी की और जानकारी देने की बजाय झूठे वादे किए।

## भोजपाल महोत्सव मेले में निजामी बंधुओं ने दी कव्वाली की प्रस्तुति

# छाप तिलक सब छीनी रे ...मो से नैना लड़ाय के, मेरे रश्के कमर, भर दे झोली मेरी या मोहम्मद जैसी कव्वालियों ने जीता शहरवासियों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में शुक्रवार को सूफी नाइट में कव्वाली की प्रस्तुति दी गई। देश के सुप्रसिद्ध कव्वाल निजामी बंधु उस्ताद चाँद निज़ामी, उस्ताद महमूद निज़ामी, शादाब फरीदी निज़ामी और सोहराब फरीदी निज़ामी ने ने अपनी शायरी और गजलों से समां बांधा। छाप तिलक सब छीने रे मो से नैना लड़ाय के, ए वतन तेरे लिए, मेरे राश्के कमर, भर दे झोली मेरी या मोहम्मद दर से तेरे न जाऊ ख़ाली जैसी कवाली की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला के साथ भोजपाल महोत्सव मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नागर सहित मेला टीम ने दीप प्रज्वलित कर की। इन्हें संगीत की दुनिया में निज़ामी बंधु के नाम से जाना जाता है। ये 'सिकंदरा घराने' से संबंधित हैं। निज़ामी बंधु देश के शीर्ष रैंकिंग वाले गायकों में लोकप्रिय कव्वाली गायक हैं। इन्होंने देश के साथ ही फ्रांस, जर्मनी, इटली, इंग्लैंड, पेरिस, मौतिटस, ईरान, तंजानिया, वेस्ट इंडीज, यूएसए में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। फिल्मों में पाश्र्व गायन भी किया है। कव्वाली गायक उस्ताद चांद निज़ामी शायर भी हैं। इन्होंने कई नज़्में और गज़लें लिखी हैं।

फर्नीचर की खरीदी पर मिल रही भारी छूट भोजपाल महोत्सव मेले के अब 2 दिन शेष हैं। भव्य रंग-विरंगी आतिशबाजी और गुब्बारे छोडकर मेले का समापन किया जाएगा। मेले में लगाए गए विभिन्न तरह के सामानों के स्टालों पर ग्राहकों को भारी छूट मिल रही है। शहरवासी भी इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं।



### शहरवासी चार दिन और कर सकेंगे खरीदारी

मेले में भारी भीड़ हो रही है। शहरवासियों को चार दिन और घूमने फिरने, खरीदारी और मनोरंजन करने का मौका मिलेगा। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में छोटे-बड़े करीब 500 विभिन्न सामग्री के स्टाल लगाए गए हैं। इन सभी स्टालों पर ग्राहकों को भारी छूट दी जा रही है। मेला समिति के वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देंवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, केश कुमार शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



## छात्रावासों में बेहतर सुविधाएं हों, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा

# खेल मैदानों का निर्माण हो रहा, लेकिन इनका उपयोग भी होना चाहिए: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने शहडोल में की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों का बड़ी संख्या में निर्माण हो रहा है। इन खेल मैदानों का उपयोग भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि वे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। खेल मैदानों की रौनक बढ़नी चाहिए।




### मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यों में नवाचार भी होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत वितरण व्यवस्था, पीएम आवास योजना, एवं अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने शहडोल संभाग में संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। संभागायुक्त गोपालचंद्र डाड ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, प्रमुख सचिव सीएम राघवेन्द्र सिंह, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सौजन्य भेंट की। कानूनगो ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को शुभकामनाएं दीं।

**पन्ना जिले के चैपरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

# प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा कर रही विकसित भारत संकल्प यात्राः विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी इनसे वंचित न रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिला रही हैं एवं उनके संकल्प को पूरा कर रही हैं।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना जिले की सकरिया पंचायत के चैपरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि 2047 का भारत, विकसित भारत होगा। यही उनका संकल्प है। जिस तरह से चोपड़ा गांव की एक आदिवासी बहन ने इस कार्यक्रम में अपनी बात रखी है और यह बताया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है, देश का विकास हो रहा है, यही विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का सबसे बड़ा संकेत है।



### राज्यपाल की पहल पर शुरू हुआ सिकल सेल एनीमिया मिशन

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा किराज्यपाल पटेल के प्रदेश और विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के लोगों से जीवंत संपर्क हैं। उन्होंने अपने स्तर पर सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के प्रयास शुरू किए, जो प्रमुख रूप से आदिवासी क्षेत्रों में ही पाई जाती है। शर्मा ने कहा कि राज्यपाल पटेल के प्रयासों से प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का अभियान शुरू किया गया है।

### भाजपा ने किए 6 नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा के चार नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने राजेंद्र मिश्रा को मऊगंज, वैशाली महाले को पांढुर्णा, कमलेश सुहाने को मैहर और कमल नयन इंगले को बड़वानी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दी मकर संक्रांति की बधाई

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर जीवन में सुख, सद्भावना और शांति का संचार करें, यही हमारी मंगल कामना है। लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएगा।

### राज्यपाल के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा शनिवार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल के साथ पन्ना जिले के ग्राम चैपरा पहुंचकर छात्रावास का भ्रमण कर कार्यक्रम में शामिल हुए।

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता**

# मणिपुर पहुंचे बैज, महंत और मरकाम भूपेश बघेल और सिंहदेव नहीं गए

### ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर करने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा रविवार को मणिपुर से शुरू हो गई है। राहुल की इस यात्रा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के भी नेता पहुंचे हैं। राहुल एक प्लेन में तमाम कांग्रेस दिग्गजों के साथ मणिपुर पहुंचे और यात्रा की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ से प्रदेश प्रभारी से लेकर नेता प्रतिपक्ष समेत अन्य नेता पहुंचे तो वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव इस यात्रा में शामिल होने नहीं पहुचे। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, विधायक देवन्द्र यादव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत सैकड़ों नेता पहुंचे।



### 4 लोकसभा कवर करेगी यात्रा

राहुल गांधी की यात्रा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रही है। ऐसे में यात्रा का फोकस है कि ज्यादा से ज्यादा लोकसभा की सीटों को कवर किया जाए। छत्तीसगढ़ की रायगढ़, जांजगीर, कोरबा और सरगुजा लोकसभा सीटों से यह यात्रा गुजर सकती है। वहीं देशभर में 100 लोकसभा सीटों पर राहुल गांधी यात्रा करने निकले हैं।

### इसलिए नहीं गए भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव

भूपेश बघेल के पिता का निधन होने के कारण वो यात्रा में नहीं गए। वहीं सिंहदेव के न जाने की वजह उनके करीबियों ने बताया कि दिल्ली में चल रही बैठक के कारण शामिल नहीं हो पाए हैं। लोकसभा घोषणा पत्र समिति की कुछ बैठकों में शामिल होंगे।

### छग भी आएगी यात्रा

राहुल गांधी की न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ से भी गुजरेगी। यात्रा 18 फरवरी के आसपास रायगढ़ से प्रदेश में प्रवेश करेगी। 5 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा में बलरामपुर होते हुए राहुल सोनभद्र से उत्तरप्रदेश में प्रवेश करेंगे। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं, जिनमें से केवल 2 सीट ही कांग्रेस के पास है।

# 25 जनवरी को देश के 50 लाख नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देंगे टिप्स

### मप्र में 460 स्थानों पर होंगे नव मतदाता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा देश भर में पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष से 23 वर्ष के युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चला रहा है। इसके लिए नव मतदाता सम्मेलन, घर-घर जाकर संवाद, महाविद्यालयों के बाहर पंजीकरण शिविर लगाने के कार्य किए गए हैं। 12 जनवरी को प्रदेश भर में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 25 जनवरी को देश के आठ करोड़ नव मतदाताओं में चिन्हित 50 लाख मतदाताओं का महासम्मेलन आयोजन किया जाएगा जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।



यह बात भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने कही। सह प्रभारी देवश्री शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मप्र के हर विधानसभा में दो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह से मप्र में 460 स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन होगा। जिसमें 18 से 23 वर्ष के पांच लाख नव मतदाताओं के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है।

### मोबाइल नंबर पर करें मिस्ड कॉल

पंवार ने बताया कि देश भर में लगभग 8 करोड़ नव मतदाता हैं, जिसमें करीब 52 लाख से अधिक नव मतदाता मप्र में हैं। देश भर के 1 करोड़ और प्रदेश के करीब 10 लाख नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। युवा मोर्चा ने मोबाइल नंबर 7820078200 पर मिस्ड कॉल जारी किया है।

### चेन्नई और लखनऊ में भी होंगे सम्मेलन

पंवार ने बताया कि 25 जनवरी को आयोजित नव मतदाताओं के महा सम्मेलन दो स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। एक सम्मेलन चेन्नई और दूसरा लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मोर्चा 1 जनवरी से नव मतदाताओं को लेकर अलग-अलग तरह के आयोजनों के लिए नव मतदाताओं को विकसित भारत एंबेसडर बना रहा है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ में मनाया युवा दिवस




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेक्टर 3, सादिक नगर, नई दिल्ली स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मस्जिद मोठ में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मैराथन दौड़ ,योग एवं ध्यान, गायन तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का आरंभ विद्यालय से हुआ। इसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रार्थना स्थल में योग और ध्यान का कार्यक्रम योग शिक्षिका द्वारा संचालित किया गया। अनेक छात्रों ने गीत के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राथमिक विभाग के छात्रों ने पोस्टर बना कर राष्ट्रीययुवा दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी ने स्वामी विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलने का प्रण लिया।

# पुलिस अफसरों का जुंबा, एआईजी के मूव्स को लोगों ने किया फॉलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एआईजी संजय शर्मा ने रविवार को रायपुर के गार्डन में शानदार एरोबिक्स और जुंबा डांस किया। मौका था... सड़क सुरक्षा माह 2024 के शुभारंभ कार्यक्रम का। इस इवेंट में बड़ी संख्या में स्टूडेंट और नागरिक शामिल हुए। जिन्होंने जुंबा डांस करके अच्छे फिटनेस का मैसेज दिया। इस इवेंट में एआईजी संजय शर्मा ने दिल खोलकर डांस करते दिखे। अलग अंदाज में नजर आ रहे इस अफसर के डांस मूव्स को वहां मौजूद लोगों ने भी फॉलो किया। दरअसल 15 जनवरी सोमवार से 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन होना है।




### जुम्बा से घटा सकते हैं वजन

खुद को फिट रखने के साथ वजन तेजी से घटाना चाहते हैं तो जुम्बा डांस बेहतर विकल्प है। म्यूजिक के साथ थिरकते कदमों से वजन घटाने का यह तरीका कभी बोरिंग नहीं लगता है। स्पोर्ट्स साइंस एंड मेडिसिन जर्नल में पब्लिश एक रिसर्च कहती है, 40 मिनट तक जुम्बा करते हैं तो 369 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। यह फायदा 40 मिनट में की जाने वाली किक बॉक्सिंग और पावर योग के बराबर है।

# जेलों का सतत निरीक्षण करें और बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं: सीएम

### मांस विक्रेताओं और डीजे वालों के लिए वैकल्पिक व्यस्थाएं सुनिश्चित कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों से कहा कि वे जेलों का सतत निरीक्षण करें और जेलों में अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जेलों में बंद बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था कराएं तथा आवश्यक होने पर उन्हें विधिक सहायता भी मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि लगातार अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने अफसरों को हिदायत दी कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज शनिवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खुले में अवैध रूप से मांस के विक्रय पर प्रतिबंध के प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरपालिकाएं मांस बेचने वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कराएं तथा मांस बेचने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराएं। डीजे वालों का रोजगार प्रभावित न हो इसके भी प्रयास किए जाएं। बएडीजीपी डीसी सागर ने शहडोल संभाग में कानून व्यवस्था के नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर गोपालचंद्र डाड, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में संभाग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की




### सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक और परिणाम मूलक कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य दूर-दराज के क्षेत्रों में अपराधों को रोकने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के मन से पुलिस का डर निकलना चाहिए, इस दिशा में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक प्रयास करें। युवाओं से मिलकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

## चिंतन

# डब्ल्यूईएफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उम्मीदें

आज जब विश्व कई आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है, पिछले एक दशक से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त बनी हुई है, कई बार सरकारें भुगतान संकट में फंस चुकी हैं, रूस व यूक्रेन जंग, हमास व इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आदि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आसन्न संकट बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सोमवार से दावोस में शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक पर विश्व की निगाहें टिकी हुई हैं। रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। पहली बार दुनियाभर के 90 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक का गवाह दावोस बना है। स्विट्जरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सैकड़ों देशों के 2,800 से अधिक नेता विश्व के तमाम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक डब्ल्यूईएफ में चर्चा का विषय होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा है। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में एक बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था। इस 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। विश्व आर्थिक मंच पांच दशक से अधिक समय से दावोस में इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। कई मौकों पर यहां प्रमुख चिंताओं के लिए सकारात्मक परिणाम निकाले गए हैं। मंच खुद को दुनिया की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश करता है। बैठक से पहले ऑनलाइन आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में होगी। इस साल वार्षिक बैठक का विषय 'रीबिल्डिंग ट्रस्ट' (फिर से भरोसा कायम करना) है। इस समय दुनिया गंभीर रूप से भरोसे के संकट से गुजर रही है। अमेरिका, चीन, रूस, ईरान समेत कई देश हैं जो अपने अपने हित के लिए ग्लोबल गोलबंदी में फंसे पड़े हैं। डब्ल्यूईएफ का कहना है कि बैठक आर्थिक वृद्धि, जलवायु तथा प्रकृति कार्रवाई, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रशासन और मानव विकास सहित वैश्विक अनिवार्यताओं पर बातचीत, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देगी। अगर डब्ल्यूईएफ की बैठकों से विश्व में चल रहे आर्थिक संकटों का हल निकालने की दिशा में कुछ भी ठोस कार्ययोजना तैयार हो सकी तो यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इस वक्त खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, ईंधन आपूर्ति, हरित विकास आदि प्रमुख ग्लोबल आर्थिक समस्या बने हुए हैं।



# हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार

**सेना दिवस**
डॉ. एल.एस. यादव

> चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। चीन व पाक से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सीमा पर सड़कों के जाल बिछाया गया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

सेना दिवस स्वतन्त्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अवसर है जब 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमान्डर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परम्परा की शुरूआत हुई। तब से सेना ने देश को सही मायने में अखण्ड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। यही नहीं तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार इजाफा हुआ है।

चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी, क्योंकि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर नीचे खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां साल के अधिक दिनों बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इस टनल की मदद से भारतीय सेना आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी। यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। योजना के मुताबिक इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाना था, परन्तु कोविड के कारण इसे समय पर पूरा नहीं किया जा सका। अब इसका काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं।

चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि इस इलाके में उसकी मंशा पीछे हटने की नहीं है। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले उंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बेनतीजा रही है। ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की मांग पर दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ



जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके अनेक परीक्षणों के बाद डीआरडीओ ने इस स्वदेशी हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बीआईएस लेबल 5 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेबल 6 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 9.2 किलोग्राम है जो विदेशी जैकेटों की तुलना में क्रमशः एक व ढाई किलोग्राम कम है। फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं। नई जैकेटें वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं और स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं।

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना की सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था। यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा। यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सैटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा। यूं तो भारतीय सेना के पास अनेक तरह के सैन्य उपग्रह हैं, लेकिन यह नई सीरीज का आधुनिक उपग्रह होगा। यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो भारतीय सेना के लिए कई सैन्य उपग्रह बना चुका है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की महत्ता को देखते हुए भारतीय सेना इसके प्रयोग पर फोकस कर रही है। चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। ये पहाड़ी इलाकों में वजन ले जाने में भी सक्षम हैं। चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारुद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है। इन मसलों को लेकर अक्टूबर 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे। इसमें मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था। इसके साथ ही सेना की भविष्य की रणनीति व सामरिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

चीन सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है। अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार प्रणाली से सुसज्जित यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में शत्रु के किसी भी दुस्साहस का उत्तर देने तथा जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजीमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलीकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नया शोध
बाल मुकुन्द ओझा



# बोतलबंद पानी सेहत के लिए अत्यंत जहरीला

आजकल बोतल का पानी पीने का रिवाज व्यापक रूप से प्रचलन में है। घर हो या बाहर हर जगह बोतल का पानी सर्व सुलभ है। इस पर हुए अनेक शोध में बोतलबंद पानी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। हाल ही में इसे लेकर हुए एक नए शोध में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। अमेरिका में हुए नए अध्ययन में सामने आया है कि दुकानों में बिकने वाले बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। शोध में स्पष्ट रूप से इस पानी को जहरीला बताया। रिपोर्ट में बताया गया है पानी की बोतल में मिलियन की संख्या में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को हानि पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार दोहरे लेजर का उपयोग करके माइक्रोस्कोप द्वारा पता लगाया है कि बोतलबंद पानी के औसत लीटर में दो मिलियन से अधिक छोटे नैनोप्लास्टिक के अदृश्य टुकड़े होते हैं। कोलंबिया एंड रटगर्स यूनिवर्सिटीज के शोधकर्ताओं पता लगाया है कि तीन कॉमन बोतलबंद वाटर ब्रांड के प्रत्येक के पांच नमूनों को देखते हुए पाया एक लीटर पानी में 110,000 से 400,000 प्लास्टिक के टुकड़े थे, जो औसतन लगभग 240,000 हैं। ऐसे कण हैं जिनका आकार एक माइक्रोन से भी कम है। एक इंच में 25,400 माइक्रोन होते हैं - जिन्हें माइक्रोमीटर भी कहा जाता है क्योंकि यह एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। एक इंसान का बाल लगभग 83 माइक्रोन चौड़ा होता है।


अध्ययनों में थोड़े बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पाए गए थे जिनकी रेंज 5 मिलीमीटर से लेकर एक चौथाई इंच से भी कम, एक माइक्रोन तक है। अध्ययन में पाया गया कि बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में लगभग 10 से 100 गुना अधिक नैनोप्लास्टिक पाए गए। आज घर घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक की बोलत में पानी पीने से डायबिटीज सहित शरीर के विभिन्न अंगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या भी हो सकती है। ये बोलतें बाइफिनाइल एक एस्ट्रोजन-मिमिकिंग केमिकल होता है, जो डायबिटीज, मोटापा, प्रजनन संबंधी समस्याएं, व्यवहार संबंधी समस्याएं और लड़कियों में जल्दी प्यूबर्टी का कारण बनता है। बताया जाता है प्लास्टिक से होने वाली हानि से सुरक्षित रहने के लिए प्लास्टिक की बोतल के बजाय तांबे, कांच या स्टेनलेस स्टील की बोतल से पानी पीना अधिक सुरक्षित है ।

पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

देश और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा घर, ऑफिस या कोई जगह हो जहां प्लास्टिक का उपयोग ना होता हो। यह सही है की प्लास्टिक के उपयोग ने मनुष्य के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। लेकिन इसका व्यापक स्तर पर उपयोग होने की वजह से यह अब धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत में प्रत्येक दिन 9205 टन प्लास्टिक का कचरा जमा होता है और इसे रिसाइकल किया जाता है. इसके साथ ही करीब 6100 टन ऐसा प्लास्टिक कचरा होता है, जो धरती पर स्थित नदी, नालों और पर्वतों पर ही पड़ा रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेला भारत देश हर वर्ष 56 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने के कारण इसका निपटारा करना दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक का नष्ट होना 500 से 700 साल बाद शुरू होता है और प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 1000 साल का समय लगता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
**दर्शन**

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
**प्रेरणा**

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## 51 फुट ऊंची मूर्ति



*नई दिल्ली के गीता कॉलोनी में भगवान हनुमान की 51 फुट ऊंची मूर्ति का आधिकारिक अनावरण 22 जनवरी को, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन, रविवार, जनवरी को पूर्वी दिल्ली के प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर में किया जाएगा।*

## आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें

आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए। सरकार को आम उपभोक्ताओं के पक्ष में कोई कानून बनाना चाहिए। – *कमल किशोर पांडे, दुर्ग*

## ट्रेंड

### समर्पण के प्रतीक सैनिक

सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है।
**-कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान**



### एफसीआई भ्रष्टाचारमुक्त बने

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए, 'भ्रष्टाचार-मुक्त' बने। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**



### इतिहास दोहराएगा

'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया था।
**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**



### प्रतिभा नहीं है क्या

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास क्या अपनी कोई प्रतिभा नहीं है। भाजपा के उन कार्यकर्ताओं का क्या जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका यह बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में आया है।
**-सुप्रिया सुले, राकांपा नेता**



## करंट अफेयर

# इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक लड़ेगा

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में जारी युद्ध के 100 दिन पूरे होने के बीच कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक युद्ध जारी रखेगा और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) समेत कोई उसे रोक नहीं सकता। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के इन आरोपों को लेकर दो दिन सुनवाई की कि इजराइल फलस्तीनियों का जनसंहार कर रहा है। इजराइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नेतन्याहू ने आईसीजे में सुनवाई के बाद यह बयान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यायालय से इजराइल को यह आदेश देने का अनुरोध किया है कि वह अपने भीषण हवाई और जमीनी हमलों को अंतरिम कदम के तहत रोके। आईसीजे का मुख्यालय हेग में है। नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया का जिक्र करते हुए शनिवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा, 'हमें कोई नहीं रोकेगा, न हेग, न कोई और।' अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष मामले की सुनवाई वर्षों तक चलने की संभावना है लेकिन अंतरिम कदमों पर फैसला कुछ हफ्तों के भीतर आ सकता है। न्यायालय के फैसले बाध्यकारी हैं लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है।



## ऑफ बीट

# जिज्ञासु बच्चों का सवाल : दुनिया में कितना पैसा है?

लंदन के 10 वर्षीय सुबामे का सवाल है कि दुनिया में कितना पैसा है? अगर हम यह कहें कि दुनिया में कितना धन है तो इसकी शुरुआत लोगों की जेब, गुल्लक, अलमारी तथा नकदी मशीनों में रखे सभी नोट और सिक्कों की गिनती से करना सही होगा। चलिए पाउंड से शुरू करें। सिक्कों और नोट के रूप में करीब 84 अरब पाउंड की ब्रिटिश मुद्रा है। साथ ही 2,236 अरब डॉलर अमेरिकी मुद्रा, 1,578 अरब यूरो की यूरोपीय संघ की मुद्रा और 9,616 अरब युआन की चीनी मुद्रा के साथ ही कई अन्य मुद्रा में धन मौजूद है। चूँकि हर देश में पैसा एक जैसा नहीं होता है, दुनिया के सभी सिक्कों और नोटों को जोड़ने का मतलब है कि आपको यह मापने की ज़रूरत है कि ब्रिटिश पाउंड में एक अमेरिकी डॉलर, एक भारतीय रुपया या एक चीनी युआन का मूल्य कितना है। अगर ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ऐसा किया जाए तो इसके जोड़ने पर कुल 6,113 अरब पाउंड बैठेगा। यह धन राशि बहुत तेजी से बदल सकती है। और हो सकता है कि जब आप इस लेख को पढ़ें तो यह पहले ही पुरानी हो जाए। इसका आंशिक कारण यह है कि देश हर समय पैसा छापते रहते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव में जमकर थिरके विदेशी



## उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' रखी

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

हर साल की भांति इस बार भी अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का रंगारंग आगाज हो चुका है। पहली बार धरणीधर मैदान में आयोजित होने वाले इस ऊंट उत्सव उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' है। इस उत्सव में हेरिटेज वॉक, बीकानेर कार्निवल साथ ही क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ आर्ट्स पर आधारित कई कार्यक्रम हुए।

ऐतिहासिक रामपुरिया हवेली से हेरिटेज वॉक के जबरदस्त कार्यक्रम हुआ। इसमें विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, आईजी ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने हरी झंडी दिखाकर इस वॉक को रवाना किया।



### रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार

मेहमानों के आदर सत्कार और मीठी मनुहार की बीकानेरी परंपरा का रंग पूरी हेरिटेज वॉक के दौरान नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे स्थानीय कलाकारों के दलों के साथ कदमताल मिलाते, देसी विदेशी पर्यटकों का उत्साह भी देखने लायक था।





### गृहमंत्री शाह ने भी पतंग उड़ाई

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान पतंग उड़ाई।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में आज से खुलेंगे सभी स्कूल, समय बदला



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार से सभी स्कूल खुलेंगे। कोई भी स्कूल सुबह 9 बजे से पहले शुरू नहीं होगा। शाम 5 बजे के बाद नहीं चलेगा। शिक्षा निदेशालय ने बीते रविवार को कहा था कि दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूल और फिजिकल कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी।

### प्राण प्रतिष्ठा की 'जन-जागरण' में दिखीं नूपुर



**अयोध्या।** देश के कई इलाकों में हिंदूवादी संगठन अलग-अलग यात्राएं निकाल रहे हैं। ऐसी ही एक यात्रा दिल्ली में निकाली गई, जिसमें भाजपा से निष्कासित प्रवक्ता नूपुर शर्मा सार्वजनिक रूप से दिखाई दी हैं। इससे पहले नूपुर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' देखने के लिए गई थीं।

### एयरोब्रिज पर घंटों फंसे रहे इंडिगो के यात्री



**मुंबई।** मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट घंटों तक छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयरोब्रिज पर फंसे रहे, जिससे मुंबई एयरपोर्ट पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। यात्रियों ने कहा कि एयरोब्रिज पर एयर सर्कुलेशन नहीं था।

### आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली फैक्ट्री में आग



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। इस कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना रविवार अल सुबह 4 बजकर 10 मिनट की है। गनीमत ये रही कि आगजनी की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## कोहरे का कहर दिल्ली में 11 विमान डायवर्ट, कई शहरों में देरी से पहुंचे विमान

# उत्तर भारत में ठंड और कोहरे का डबल अटैक, विमानों ने बदला रास्ता, ट्रेनें लेट

*उत्तर भारत में ठंड ने इस सीजन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर पश्चिम से पूर्वोत्तर भारत तक लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। उत्तरी राज्यों में छाए कोहरे के असर से हवाई और रेल यातायात प्रभावित हुई है। दिल्ली की 11 उड़ानों को डायवर्ट किया गया, बेंगलुरु में 44 उड़ानों में देरी हुई, वहीं छत्तीसगढ़ में पांच उड़ानें प्रभावित हुईं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के राज्यों में रविवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सुबह 4.30 से 7 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स को जयपुर और एक फ्लाइट को मुंबई डाइवर्ट किया गया। चेन्नई में भी तीन इंटरनेशनल फ्लाइट डाइवर्ट की गईं। दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस सीजन में पहली बार दिल्ली के पालम, सफदरजंग, राजस्थान के श्रीगंगानगर, पंजाब के पटियाला, हरियाणा के अंबाला, चंडीगढ़, यूपी के बरेली, लखनऊ, बहराइच, वाराणसी, प्रयागराज और असम के तेजपुर में जीरो विजिबिलिटी रही।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आने वाले 3 दिनों तक शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड रहेगी। यूपी के 19 जिलों में सीवियर कोल्ड डे, 54 जिलों में घना कोहरा और 33 जिलों में बर्फीली हवाएं चलने और पाला पड़ने का अलर्ट जारी है। मेरठ में पारा 3अंश सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश में दोपहर के तापमान में वृद्धि देखी गई है। 13 जनवरी को राज्य के 13 शहरों में टेम्परेचर 28 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। हालांकि रातें ठंडी हैं। पारा 10अंश सेल्सियस से नीचे है।

### 22 ट्रेनें भी देरी से चल रहीं, 5-6 दिनों तक ऐसे की हालत रहने का अनुमान



### चेन्नई में 'भोगी' स्मोक, फ्लाइट डाइवर्ट

रविवार सुबह चेन्नई एयरपोर्ट पर भी धुंध के कारण तीन इंटरनेशनल फ्लाइट्स को हैदराबाद डाइवर्ट किया गया। एयरपोर्ट स्टाफ के मुताबिक, पोंगल में भोगी मनाने के लिए लोग कचरा, पुराना फर्नीचर जलाते हैं।

### इन राज्यों में ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट है। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम और नागालैंड शामिल हैं।

### बेंगलुरु से 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई

देश के कई शहरों में खराब मौसम के कारण बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार को 44 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई। बेंगलुरु में धुंध की मोटी परत के कारण शहर के हवाई अड्डे पर कुछ उड़ानों के उतरने में भी विलंब हुआ। नतीजतन, 44 उड़ानों की रवानगी में देरी हुई जिसका कारण बेंगलुरु समेत कई शहरों में खराब मौसम रहा। इन 44 में से सात उड़ानें दिल्ली के लिए थी जबकि एक उड़ान को चेन्नई से बेंगलुरु की ओर भेजा गया है।

### कोहरे का असर, दिल्ली-रायपुर की एक फ्लाइट कैंसिल, देर से चार उड़ानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दिल्ली सहित उत्तरी राज्यों में छाए कोहरे के असर से हवाई यातायात प्रभावित हुई है। दिल्ली से रायपुर आने वाली उड़ानें काफी विलंब से संचालित हुईं। दिल्ली की एक उड़ान कैंसिल कर दी गई, वहीं दोपहर की फ्लाइट रात तक नहीं पहुंची थी। वहां से संचालित होने वाली अन्य चार उड़ानें भी अपने निर्धारित समय से विलंब से पहुंचीं। सफर शुरू करने रायपुर एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने समय पर अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचने की वजह से काफी नाराजगी जाहिर की। जानकारी के मुताबिक ठंड का प्रभाव उत्तरी राज्यों में अपना काफी असर दिखा रहा है। छाए कोहरे की वजह से वहां यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसका असर दिल्ली सहित विभिन्न शहरों से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आने वाली उड़ानों पर भी हुआ है।

- **इंतजार करते यात्री एयरपोर्ट पर जताते रहे नाराजगी, कई समय पर नहीं पहुंचे**

#### दूसरे शहरों की आवाजाही भी प्रभावित

कोहरे का असर दिल्ली के अलावा अन्य शहरों से रायपुर आने वाली फ्लाइट पर हुआ है। सुबह बेंगलुरु से आने वाली फ्लाइट एक घंटे, लखनऊ की करीब ढाई घंटे, भुवनेश्वर की 2.50 घंटे, कोलकाता की फ्लाइट दो घंटे विलंब से रायपुर में लैंड हुई। इसके अलावा मुंबई, इंदौर से आने वाली फ्लाइट भी समय पर संचालित नहीं हुई।

### शीतलहर से और कांपेगा उत्तर भारत

पूरे उत्तर भारत में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सितम जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक सर्दी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आने वाले दिनों में लोगों को शीतलहर और घने कोहरे का सामना करना पड़ सकता है। अगले 4 दिनों तक देश के उत्तर पश्चिम इलाकों में कोल्ड से लेकर सीवियर कोल्ड डे रहने के आसार हैं। स्काईमेट के मुताबिक देश में 13 से 16 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

**कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर टीएमसी का तंज**

## अपनी जमीन बचती नहीं और निशाना सितारों पर साध



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल टीएमसी और कांग्रेस के बीच एक बार फिर तकरार तेज हो गई है। असम हिल्स परिषद के चुनाव में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन पर टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने तंज कसा है।अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस तारों को निशाना बनाने में जुटी है। उन्होंने बंगाल में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की कांग्रेस की महत्वाकांक्षा पर सवाल खड़ा किया है।

असम के दिमा हसाओ जिले में उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद में कांग्रेस की निराशाजनक हार के बाद टीएमसी नेता ने हमला बोला है। अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस असम में तो अपनी जगह वापस पा नहीं पा रही, लेकिन बंगाल में सितारों को निशाना बनाने जैसी आकांक्षाएं लगाए बैठी है। कांग्रेस की ओर से बंगाल में ज्यादा सीट मांगने पर निशाना साधा है। बेनर्जी ने कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन बचा नहीं पा रही और दूसरे राज्यों में बड़े सपने देख रही है।

### गंगासागर मेले में श्रद्धालुओं की भीड़



**दक्षिण 24 परगना।** दक्षिण 24 परगना जिले में गंगासागर मेले में श्रद्धालुओं का एक दृश्य।

**मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया दावा**

## 74 फीसदी मुसलमान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से खुश

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने दावा किया कि देश के अधिकतर मुसलमानों का मानना है कि भगवान राम सभी के हैं और उन्होंने राम मंदिर के पक्ष में अपनी राय दी है।

गुजरात के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से किए गए सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए एमआरएम ने दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य चाहते हैं कि तथाकथित उलेमा, मौलाना और विपक्षी नेता जो इस्लाम के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, उनका



पूर्ण बहिष्कार किया जाना चाहिए। आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार की अगुवाई वाले एमआरएम ने सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 74 प्रतिशत मुस्लिम राम मंदिर के निर्माण से खुश हैं। सर्वेक्षण में 72 फीसदी मुसलमानों ने मोदी अपनी राय दी है। सर्वेक्षण में 26 प्रतिशत मुसलमान ऐसे थे जिन्होंने मोदी सरकार पर कोई भरोसा नहीं जताया है।

## राहुल की खत्म होती टीमः 2019 के बाद से अब तक कांग्रेस को अलविदा कह चुके इस पार्टी के कई नेतागण

# सिब्बल, आजाद , सिंधिया समेत अब तक 11 दिग्गज तोड़ चुके कांग्रेस से नाता

देवड़ा कांग्रेस छोड़कर जाने वाले पहले और आखिरी नेता नहीं हैं। इस सूची में गुलाम नबी, सिब्बल और जितिन जैसे बड़े नेताओं का नाम भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस से इस्तीफे के बाद पार्टी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले एक बड़ा झटका लगा है। ये कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका इसलिए भी है क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है। मिलिंद समेत अब तक 11 बड़े नेताओं ने अपना नाता तोड़ चुके हैं।

इस सूची में दूसरे नंबर पर कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल हैं जो 2022 को कांग्रेस से नाता तोड़ था। कांग्रेस के दिग्गज नेता गुलाम नबी आज़ाद ने 2022 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार ने 2022 में इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने जनवरी 2022 को भाजपा में शामिल हो गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 2020 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। जितिन प्रसाद ने 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने पिछले साल जनवरी में पार्टी छोड़ दी। इसी तरह हार्दिक पटेल ,सुनील जाखड़ और अल्पेश ठाकोर कांग्रेस को टाटा कह चुके हैं।

### ये रहे प्रमुख नाम





### यात्रा सफल हो या विफल, विचारधारा की लड़ाई हैः अधीररंजन



अधीर रंजन चौधरी ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में ये यात्रा मणिपुर से मुंबई तक जाएगी। यात्रा सफल या विफल , विचारधारा की लड़ाई है।

**खरगे का संबोधन**

### पंडित नेहरू ने मणिपुर को भारत का गहना बताया था

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं लेकिन मणिपुर नहीं आते। उनके मुख में राम और बगल में छुरी है। खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। शायराना अंदाज में कहा कि जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का फिर देखना फिजूल है, कद आसमान का।

### ये है यात्रा का 'ठिकाना '


#### यूपी में सबसे ज्यादा यात्राएं

भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमीऔर 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।


#### मध्य प्रदेश में 7 दिन, 698 किमी और 9 जिलों में जाएगी

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की यह यात्रा 7 दिनों में 698 किमी और 9 जिलों को कवर करेगी। यह एक दिन में राजस्थान के 2 जिलों में जाएगी। गुजरात और महाराष्ट्र में 5-5दिन तक चलेगी, जो क्रमशः 445 किमी और 479 किमी की दूरी तय करेगी। ओडिशा में न्याय यात्रा चार दिन में 341 किमी और चार जिलों को कवर करेगी और छत्तीसगढ़ में पांच दिन में 536 किमीऔर सात जिलों को कवर करेगी। कांग्रेस की यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11 दिन का समय बिताएगी और 20 जिलों को कवर करेगी। यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और 7 जिले शामिल होंगे। बिहार में 4 दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में यात्रा आठ दिन में 804 किमी और 13 जिलों को कवर करेगी।

#### यात्रा का समय 'अशुभ काल': आचार्य कृष्णम



भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर पार्टी के ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यात्रा ऐसे समय में शुरू की जा रही जब पंचक लगा हुआ है। यात्रा के लिए यह 'अशुभ काल' है। उन्होंने पार्टी के उन नेताओं पर भी सवाल उठाया जो अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मुहूर्त को लेकर बयान दे रहे थे।



## वैश्विक रुख से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

*नई दिल्ली। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह काफी हद तक बड़ी कंपनियों...एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के तिमाही नतीजों की घोषणा और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक रुझान भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, "अब सभी की निगाहें कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेंगी। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे प्रमुख कंपनियां अपने नतीजों की घोषणा करेंगी।*

# भारत भविष्य की अनिश्चितताओं का सामना करने में सक्षम: एमपीसी सदस्य वर्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी भू-राजनीतिक झटकों का मजबूती से सामना किया है और यह आगे आने वाली अनिश्चितताओं से भी निपटने में सक्षम होगी।

■ चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग घटी

वर्मा ने कहा कि उन्हें 2024 में अच्छे नतीजों की उम्मीद है, जब मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत रहेगी वर्मा ने कहा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले कुछ वर्षों में सभी झटकों (रूस-यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-हमास युद्ध, तेल की बढ़ती कीमतों) का मजबूती से सामना किया है और मुझे नहीं लगता कि आने वाले महीनों में भू-राजनीतिक स्थिति बहुत खराब होगी।


## भू-राजनीतिक झटकों का भारत ने किया सामना

### खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका

वर्मा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य की ओर नीचे आएगी (क्षणिक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के अलावा)।' उन्होंने कहा कि पिछले साल खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी क्षणिक झटका थी जिसे जल्द सुधार लिया गया।

### भारत अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम

भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-अहमदाबाद) के प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि चीन में जारी सुस्ती के कारण ऊर्जा और अन्य वस्तुओं की मांग में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर मुझे पूरा विश्वास है कि भारत आगे आने वाली अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम होगा।'



### अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की दर से बढ़ेगी

भारत की अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, वैश्विक वृद्धि 2022 के 3.5 प्रतिशत से घटकर 2023 में तीन प्रतिशत और 2024 में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### मुद्रास्फीति कम होगी

लाल सागर और भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग, बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति यमन स्थित हुती विद्रोहियों के हालिया हमलों के कारण खराब हो गई है।

एमपीसी सदस्य 2024 के लिए मुद्रास्फीति पर अपने दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें एक अच्छे परिणाम की उम्मीद है जहां मुद्रास्फीति कम होगी और वृद्धि मजबूत होगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेगी

# विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के उपायों की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट में उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा मुद्रास्फीति को नीचे लाने के उपायों को जारी रखेंगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। यह सीतारमण का लगातार छठा बजट होगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि उपभोग को बढ़ावा देने का एक तरीका लोगों के हाथों में अधिक पैसा देना है, और ऐसा करने का एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव करना या मानक कटौती में बढ़ोतरी के जरिये लोगों पर कर का बोझ कम करना हो सकता है।

### मनरेगा की धनराशि बढ़ सकती है

एक अन्य प्रस्ताव ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा के तहत धनराशि बढ़ाने और किसानों के लिए अधिक भुगतान से संबंधित है। विशेषज्ञों ने कहा कि आम चुनाव से पहले उपभोग को बढ़ावा देने के सीतारमण के प्रयास के तहत महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकते हैं।

### गरीब वर्ग में डिफॉल्ट की संख्या काफी बढ़ी

वाही ने कहा कि मूल्यवृद्धि का बड़ा प्रभाव समाज के गरीब वर्ग पर पड़ रहा है क्योंकि कर्ज चूक या डिफॉल्ट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की वृद्धि उतनी नहीं है जितना सरकार मानकर चल रही थी। सरकार का इरादा कृषि आय को दोगुना करने का था लेकिन महंगाई की वजह से इसे अभी तक हासिल नहीं किया जा सका है।



- बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की उम्मीद
- सरकार लोगों के हाथ में अधिक पैसा देनी चाह रही
- एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव हो सकता है

### समाज के कुछ वर्ग दबाव में

पंत ने कहा, 'लेकिन समाज के कुछ वर्ग दबाव में है। क्या हम उनके लिए कोई कदम उठाने को चार-पांच माह और इंतजार कर सकते हैं। यदि हम पांच महीने बाद कुछ करेंगे, तो उनकी स्थिति और खराब हो जाएगी। अंतरिम बजट में इस वर्ग के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।'

### लेखानुदान चार माह के खर्च करने की देता है अनुमति

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेन्द्र कुमार पंत ने कहा कि लेखानुदान का मुख्य उद्देश्य सरकार को अगले वित्त वर्ष के चार महीनों के लिए वेतन, मजदूरी, ब्याज और कर्ज भुगतान के लिए पैसा खर्च करने की अनुमति देना है।

### अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव नहीं होते शामिल

आमतौर पर आम चुनावों से पहले लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव या नई योजनाएं शामिल नहीं होती हैं। अंतरिम बजट में सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के चार माह के लिए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए संसद से अनुमति मांगेगी।

### एफएमसीजी ने दाम बढ़ाए है

विशेषज्ञों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्त उपभोग मांग से संबंधित मुद्दों का समाधान करने की तत्काल जरूरत है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार रजत वाही ने कहा कि कंपनियों ने एफएमसीजी और रोजमर्रा के इस्तेमाल के ज्यादातर उत्पादों के दाम पिछली आठ-10 तिमाहियों में बढ़ाए हैं।

### निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे

वाही ने कहा, "ऐसे में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रभाव, उत्पादन लागत में बढ़ोतरी, महंगाई, ऊंची ब्याज दरों..इन सभी चीजों से निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं। सिर्फ ग्रामीण इलाकों में ही यह स्थिति नहीं है, बल्कि शहरों क्षेत्रों के गरीब वर्ग को भी इसकी मार झेलनी पड़ रही है।"

# भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक निर्यात हुआ दोगुना : आईसीईए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक का निर्यात जनवरी-सितंबर 2023 में सालाना आधार पर दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर हो गया। उद्योग निकाय आईसीईए ने यह जानकारी दी है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज महिंद्रू ने कहा कि यह भारत से अब तक का उच्चतम इलेक्ट्रॉनिक निर्यात है, जबकि अमेरिकी बाजार में चीन से आयातित इलेक्ट्रॉनिक की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।



■ इलेक्ट्रॉनिक निर्यात जनवरी-सितंबर में दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर

महिंद्रू ने कहा, "हालिया आंकड़े अमेरिका में भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हैं। यह चालू वर्ष (जनवरी-सितंबर) में करीब 253 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 6.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह अनुमानित 2.6 अरब डॉलर था।'

### 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि

आईसीईए के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका को भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2018 में अनुमानित 1.3 अरब डॉलर से 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2022 में अनुमानित 4.5 अरब डॉलर हो गया था। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार में भी 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है।

## ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटों में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मूठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## रिजर्व बैंक ने तीन बैंकों पर लगाया जुर्माना ...



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए धनलक्ष्मी बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित तीन बैंकों पर कुल 2.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि 'ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध', केवाईसी और जमा पर ब्याज दर से संबंधित मानदंडों के कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए धनलक्ष्मी बैंक पर 1.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध" पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 29.55 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# एफसीआई प्रौद्योगिकी अपना परिचालन लागत घटाए: गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से अपने समग्र कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने, परिचालन की लागत को कम करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीतने के लिए कहा।खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल ने एफसीआई और उसके कर्मचारियों से किसी भी गलत काम को रोकने और अपने परिचालन में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करने को भी कहा। वह खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एफसीआई की स्थापना 14 जनवरी, 1965 को हुई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करान के लिए एफसीआई की सराहना की। उन्होंने एफसीआई और उसके कर्मचारियों को तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "सबसे पहले हमें अपने किसानों के साथ-साथ लाभार्थियों (गरीब और निम्न-मध्यम आय वालों) का विश्वास जीतना चाहिए। लोगों का विश्वास जीतना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।



■ किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते सरकार

## राशिफल

**मेष** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति व मांग पर निर्भर

# अनुकूल हवाई किराए से ही लोग यात्रा करेंगे: विस्तारा सीईओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विस्तारा के प्रमुख विनोद कन्नन ने कहा है कि हवाई किराया काफी हद तक आपूर्ति और मांग पर निर्भर करता है। पूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कन्नन ने उम्मीद जताई कि विमान टिकट के दाम ऐसे 'अनुकूल स्तर' पर आ जाएंगे, जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस कमाई करेंगी। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस का संयुक्त उद्यम विस्तारा अभी प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है।

■ लोग यात्रा करेंगे तो एयरलाइंस कमाई करेगी



हवाई टिकटों की कीमतें अधिक होने की कुछ हलकों की चिंताओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब टिकट के दाम बढ़ते हैं, तो लोग शिकायत करते हैं, लेकिन जब दाम घटते हैं, तो कोई इसकी सराहना नहीं करता।

### विशेष सीजन में ही दाम चढ़ते हैं

साल में कई बार किसी विशेष सीजन में दाम चढ़ते हैं। 2023 में हमारा किराया तो 2022 से भी कम था।" कन्नन ने बातचीत में कहा, "यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय किए गए हैं कि हवाई किराया 'अतार्किक' नहीं हो। खासकर प्राकृतिक आपदा या कुछ विशेष घटना होने पर।"

### *किफायती एयरलाइंस की संख्या में वृद्धि हुई*

*कन्नन ने कहा कि इसकी एक वजह क्षमता बढ़ोतरी, किफायती एयरलाइंस की संख्या में वृद्धि और कई अन्य बाते हैं। "मूल्य निर्धारण... आपूर्ति और मांग का एक कार्य है। हम उम्मीद करते हैं कि टिकट का दाम ऐसे अनुकूल स्तर पर आएगा जहां लोग यात्रा करेंगे और एयरलाइंस पैसा कमाएंगी।* सीईओ ने कहा, "ऐसी स्थितियों में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह कीमत बढ़ाने का अवसर नहीं है। उन्होंने कहा, यदि आप सालाना आधार पर देखें, तो पिछले 20 साल के दौरान दिल्ली से मुंबई के किराये में बदलाव नहीं आया है। यदि आप एक व्यक्ति द्वारा भुगतान किए गए औसत किराये को देखें 2000 के दशक की शुरुआत में और आज में बहुत अंतर नहीं पाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि भारत में हवाई किराया उस स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां यह वैश्विक स्तर की बराबरी कर लेगा, कन्नन ने कहा कि यह वृद्धि का रुख तय करेगा।

## शब्द पहेली - 5395



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5394 का हल



## सूडोकु नवताल - 5405

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

ऑस्ट्रेलियन ओपन



# जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते पहले दौर का मैच, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।

मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में लगातार 29वां मैच जीता है। वहीं, टूर्नामेंट में अपना 90वां मैच जीता। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम है, जिन्होंने मेलबर्न में 102 मैच जीते है।



### वाइल्ड से फ्रेंच ओपन में हारे थे रुबलेव

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रुबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को यहां एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे। रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता। पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया।

### नोवाक को मिली टक्कर

पहला सेट उम्मीद के अनुरुप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

### ढाई घंटे में जीते सिनर

इटली के यानिक सिनर ने विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया।

### वोज्निायाकी की शानदार वापसी



महिला वर्ग में कैरोलिन वोज्नियाकी ने मां बनने के बाद अपने पहले आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 20वीं वरीयता प्राप्त माग्डा लिनेटे के मैच के दूसरे सेट में रिटायर होने से 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन वोज्नियाकी अगले दौर में पहुंची, तब वह 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं। वोज्नियाकी ने 2020 में संन्यास ले लिया था और फिर दो बच्चों के जन्म के बाद उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन में वापसी की थी। अब वह मारिया टिमोफीवा से भिड़ेंगी जिन्होंने अलीजे कोर्नेट को 6-2, 6-4 से मात दी।

### लेला ने दर्ज की जीत

आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

### रिकॉर्ड 68वें मैच में हारी कॉर्नेट

रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारुवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

### एथलेटिक बिलबाओ तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लिगा मैच में रियल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से एथलेटिक बिलबाओ ने तालिका में बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड जैसी बड़ी टीमों को पीछे छोड़ दिया। टीम तालिका में तीसरे स्थान पर है और चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनीं हुई है। बेरेंगुएर ने आठ मिनट (32वें और 40वें) के अंदर दो गोल कर टीम के पिछले 13 मैचों से चले आ रहे अजेय क्रम को जारी रखा।

### मुलानी के प्रदर्शन से मुंबई जीत के करीब

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने रविवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में जीत की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।



मुलानी ने पहली पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी मदद से मुंबई ने आंध्र को 72 ओवर में 184 रन पर आउट कर दिया। मुंबई ने आंध्र को फॉलोआन के लिए आमंत्रित किया। आंध्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 166 रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 47 रन की जरूरत है।

### रणजी मैच में कर्नाटक की शानदार गेंदबाजी

**अहमदाबाद।** मध्यम गति के गेंदबाज वासुकी कौशिक की अगुवाई में कर्नाटक ने मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन स्टंप तक गुजरात के 171 रन तक सात विकेट झटक लिए। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 328 रन से आगे खेलते हुए 46 रन जोड़े। सने 374 रन पर सिमटने से 110 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात की टीम पहली पारी में 264 रन पर सिमट गई थी।

# जायसवाल-दुबे चमके, भारत ने अफगानिस्तान से श्रृंखला जीती

173 रन का टारगेट 15.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल किया

- जायसवाल ने 34 बॉल पर 68 रन की पारी खेली
- शिवम ने 32 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए
- 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की
- तीसरा मुकाबला 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा





भाषा ⏭ इंदौर

यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे के अर्धशतकों की मदद से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को 26 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 172 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीसरा और अंतिम मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

जायसवाल ने 34 गेंद पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए जबकि दुबे ने 32 गेंद पर नाबाद 63 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से गुलबदीन नैब ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली, लेकिन अगर अफगानिस्तान अंतिम चार ओवर में 55 रन जुटाने में सफल रहा तो उसका श्रेय नजीबुल्लाह जादरान (21 गेंद पर 23 रन), मुजीब उर रहमान (नौ गेंद पर 21 रन) और करीम जनत (10 गेंद पर 20 रन) को जाता है। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने फिर से किफायती गेंदबाजी करके चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किये। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने 150वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार नहीं बना पाए और पारी के पहले ओवर में ही फजलहक फारुकी की गेंद पर बोल्ड होकर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में जायसवाल का कैच छोड़ा। भारत के सलामी बल्लेबाज ने हालांकि इस ओवर में दो छक्के लगाकर अपने तेवर दिखाये।

**अफगानिस्तान-172/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का दुबे बो बिश्नोई | 14 |
| इब्राहिम का एवं बो अक्षर | 08 |
| नईब बो रोहित बो अक्षर | 57 |
| ओमरजई बो दुबे | 02 |
| नबी का रिंकू बो बिश्नोई | 14 |
| जदरान बो अर्शदीप | 23 |
| जनत का पटेल बो अर्शदीप | 20 |
| मुजीबुर रहमान रन आउट | 21 |
| नूर का कोहली बो अर्शदीप | 01 |
| नवीनुल हक नाबाद | 01 |
| फारूकी रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 11
कुल : 20 ओवर में 172 रन पर आउट
विकेट पतन : 1-20 , 2-53, 3-60, 4-91, 5-104, 6-134, 7-164, 8-170, 9-171, 10-172
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-32-3, मुकेश 2-0-21-0, रवि 4-0-39-2, अक्षर 4-0-17-2, दुबे 3-0-36-1, सुदंर 3-0-23-0

**भारत- 173/4 (15.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का गुरबाज बो जनत | 68 |
| रोहित बो फजलहक फारूकी | 00 |
| कोहली का जदरान बो हक | 29 |
| शिवम दुबे नाबाद | 63 |
| जितेश का नबी बो जनत | 00 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : 04
कुल : 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन
गेंदबाजी: फारूकी 3.4-0-28-1, रहमान 2-0-32-0, नवीनुल हक 3-0-33-1, नूर 3-0-35-0, नबी 2-0-30-0, करीम जनत 2-0-13-2

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में बने उपविजेता



एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में हार गए। चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्हें हराया।

इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

--- बनाई 2-0 की बढ़त ---

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रन से दी मात



एजेंसी ⏭ हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था। कीवी टीम 8 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।



### दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश चैंपियन बना

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स "द बीच गेम्स 2024" का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किए।

### मोहन बागान ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर।** ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस पेट्राटोव के अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जॉइंट्स ने रविवार को यहां कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया। मोहन बागान ने फिर से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। उसके अब दो मैच में छह अंक हो गए हैं। हैदराबाद एफसी ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हैदराबाद एफसी ने शानदार शुरुआत की और रामहलुन्चुंगा के गोल की मदद से शुरू में ही बढ़त हासिल कर ली। पहले हाफ में हैदराबाद का दबदबा रहा और मध्यांतर तक वह 1-0 से आगे था। मोहन बागान ने दूसरे हाफ में शुरू से दबाव बनाया, लेकिन उसके खिलाड़ियों ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। मोहन बागान की तरफ से आखिर में 88वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी जेरेमी ने बराबरी का गोल किया। इसके दो मिनट बाद मोहन बागान को पेनल्टी मिली और पेट्राटोव ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

# उरोज के दो गोल से चिली ने चेक गणराज्य को 6-0 से रौंदा



एजेंसी ⏭ रांची

मैनुएला उरोज के दो गोल की मदद से चिली ने रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के अपने दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर खुद को पेरिस खेलों की क्वालीफिकेशन की दौड़ में बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज चिली को इससे पहले शनिवार को जर्मनी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार दूसरी हार के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक गणराज्य की टीम इसके साथ ही ओलंपिक क्वालीफायर के दौड़ से बाहर हो गई। टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उरोज ने 36वें और 47वें मिनट में मैदानी गोल किए। टीम के लिए अन्य गोल कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें), कैमिला कैरम (38वें), एंटोनियो मोरालेस ऑर्चर्ड (44वें) और मारिया माल्डोनाडो (58वें) ने किये। चिली अपने अंतिम पूल मैच में मंगलवार को जापान से भिड़ेगा जबकि चेक गणराज्य का मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर की टीम जर्मनी से होगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर में योगेश का गोल्डन डबल

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा। योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह देश का सबसे शानदार प्रदर्शन है।



### सुआरेज ने इंटर मियामी से किया है एक साल का करार


# सुआरेज ने मेसी, अल्बा के साथ किया अभ्यास

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल

बार्सिलोना के लिए एक साथ खेल चुके लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज, सर्जियो बस्केट्स और जोर्डी एल्बा ने अमेरिका के मेजर सॉकर लीग की टीम इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिए एक साथ अभ्यास किया। इंटर मियामी का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर आधिकारिक तौर पर शनिवार को शुरू हुआ।

सुआरेज पहली बार टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे जहां 2014 में बार्सिलोना के उनके तीन अन्य पूर्व साथी पहले से मौजूद थे। सुआरेज ने पिछले महीने ही इंटर मियामी से एक साल का करार किया है।

सुआरेज ने कहा, 'मेरी लिए एक ऐसी टीम में खेलना शानदार होगा जिसमें कई जाने-माने खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों को हर कोई जानता है। मेरा यह नया क्लब एमएसएल चैंपियन बनना चाहता है और मुझसे उसकी यही उम्मीद है कि मैं इस में पेशेवर तरीके से उनकी मदद करूं।' सुआरेज और मेस्सी ने बार्सिलोना में एक साथ छह सत्र खेले हैं। टीम ने इस दौरान चार स्पेनिश लीग खिताब और नौ अन्य ट्रॉफियां जीतीं, जिसमें एक चैंपियंस लीग खिताब भी शामिल था।



### छेत्री को अगले मैच में दमदार प्रदर्शन का भरोसा

**दोहा।** करिश्माई भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने एएफसी एशियाई कप के पहले मैच में मजबूत ऑस्ट्रेलिया से 0-2 की हार के बाद टीम के साथी खिलाड़ियों से उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। 'ब्लू टाइगर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम को पहले हाफ में गोलरहित बराबरी पर रोके रखा। विश्व कप 2022 के अंतिम 16 में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने हालांकि दूसरे हाफ में दो गोल के दम पर जीत दर्ज की।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




### मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले थे माले के मेयर, समर्थक शकूर को मिली करारी हार

# भारत से पंगा लेना मुइज्जू को पड़ा भारी मेयर चुनाव में जीत गए भारत समर्थक

**एजेंसी ▶▶ माले**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और झटका लगा है। राजधानी माले के मेयर चुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशी ऐशथ अजीमा शकूर चुनाव हार गए हैं। मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले यहां के मेयर थे। इस चुनाव में भारत-समर्थक विपक्षी दल एमडीपी उम्मीदवार आदम अजीम ने प्रचंड जीत हासिल की। अजीम ने मुइज्जू की अगुवाई वाले प्रतिद्वंद्वी दल पीएनसी की ऐशथ अजीमा शकूर को हराया। राजधानी ने महज 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। वह धनगेठी संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं।

**खास बातें**

- मुइज्जू 5 दिवसीय यात्रा पर गए थे चीन
- मालदीव मीडिया ने इस जीत को बताया 'प्रचंड'
- राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और बड़ा झटका लगा

> राजधानी ने 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। उनके समर्थक माले का मेयर चुनाव हार गए।





### इंडिया आउट कैंपेन से सत्ता

*बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू मालदीव की सत्ता में 'इंडिया आउट' अभियान के जरिए आए थे। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और मालदीव के संबंधों में अच्छा-खासा तनाव आया है। उनके कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी जिसके चलते भारत में मालदीव विरोधी माहौल बना हुआ है।*

### 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त

54,680 योग्य मतदाताओं में से लगभग 17,000 ने मतदान किया था। सत्ताधारी पार्टी नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार आयशा अजीमा शकूर को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में कुल 41 बक्सों की गिनती के बाद अजीम ने 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त बना ली थी। मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस की उनकी प्रतिद्वंद्वी ऐशथ अजीमा शकूर को 3,301 वोट मिले।

### राष्ट्रपति मुइज्जू बोले- 15 मार्च तक हटाएं भारतीय सैनिक

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर से भारत के खिलाफ सख्त तेवर दिखाए हैं। चीन से लौटते ही मुइज्जू ने कह दिया है कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा लें। रविवार को मीडिया से बात करते हुए मालदीव के प्रेसिडेंट ऑफिस के प्रवक्ता अब्दुल्ला नजीम इब्राहिम ने कहा कि भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रह सकते। मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया है। माले में विदेश मंत्रालय में बैठक की। इसमें भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी शामिल हुए। नाजिम ने कहा कि बैठक का एजेंडा 15 मार्च तक सैनिकों को वापस बुलाने का बोला है। था।

## यूएनएससी में भारत के साथ ब्राजील को किया जाए शामिल

### बेल्जियम के पूर्व पीएम ने मोदी की तारीफ की



**कोलकाता।** बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यीव लटार्म ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनाए जाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत को स्थायी सदस्य बनाने से प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी होगी। यूएनएससी को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने बहुपक्षीय परिदृश्य में मजबूत स्थिति बना ली है। लटार्म ने संपर्क सुविधा की नयी पहल 'भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे' की सराहना की और उसे चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल का पूरक बताया। लटार्म ने स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

## विदेश मंत्री जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर ईरान पहुंचे



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों देशों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय बैठक के हिस्से के रूप में 14 जनवरी को ईरान की यात्रा पर आज रवाना हो गए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वे 14 से 15 जनवरी तक ईरान के दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष, होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मिलकर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, राजनीतिक सहयोग, कनेक्टिविटी पहल जैसे मुद्दे चर्चा में शामिल होंगे। बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर में ईरान की राजधानी तेहरान में 18वां भारत-ईरान विदेश कार्यालय परामर्श आयोजित किया गया था। भारत का नेतृत्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा और ईरान का उप विदेश मंत्री अली बाघेरी ने किया।

### चाबहार पोर्ट डील में भारत और ईरान की प्रगति

भारत और ईरान चाबहार बंदरगाह सौदे पर आगे बढ़ रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। बता दें कि चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए 2016 में समझौते की शुरुआत हुई भारत द्वारा एक दशक तक शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल के विकास और संचालन पर केंद्रित था। हालाँकि, विवादों के कारण, विशेष रूप से मध्यस्थता के क्षेत्राधिकार पर, अंतिम रूप देने में देरी का सामना करना पड़ा। चाबहार बंदरगाह भारत को एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक व्यापार मार्ग प्रदान करता है, जो पाकिस्तान पर निर्भरता को कम करेगा यह अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए भी रास्ते खोलेगा है, इससे न केवल भारत को आर्थिक बल्कि क्षेत्र में भारत के रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाएगा।

